दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 261 | ग्वालियर, शुक्रवार 25 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8






# कांग्रेस ने कहा- कृषि विधेयक संघीय ढांचे के खिलाफ, कोर्ट में चुनौती दी जाएगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कृषि संबंधी विधेयकों को संघीय ढांचे के खिलाफ और असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इन काले कानूनों को कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार ने कृषि से जुड़े विधेयकों के माध्यम से देश में नई जमींदारी प्रथा का उद्घाटन किया है तथा इस कदम से मुनाफाखोरी को बढ़ावा मिलेगा। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 25 सितंबर को कृषि विधेयकों के विरोध में भारत बंद के दौरान कांग्रेस देश के किसानों के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने ट्वीट किया, किसान की हुंकार कल 25 सितंबर, 2020 को भारत बंद के साथ पूरे देश में गूंजेगी। किसान-खेत मज़दूर, पेट में अंगारे जला देश का पेट पालता है और मोदी सरकार ने उनके खेत-खलिहान पर हमला बोला है। कांग्रेस के लाखों-करोड़ों कार्यकर्ता राहुल गांधी जी के नेत्रत्व में किसानों के साथ खड़े हैं। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में संसद ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक



(सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिंघवी ने कहा, सरकार बार-बार कहती है कि वह किसानों के हित में ये विधेयक लायी है। अगर इनके जैसे किसानों के मित्र हों तो किसी शत्रु की जरूरत नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का उल्लेख विधेयक में नहीं है। एमएसपी के वजूद को खत्म कर दिया गया। यानी उपज की कीमत निर्धारण करने का जो आधार था, वो चला गया। हमारा सवाल है कि अगर कुछ निर्धारित नहीं है तो फिर कीमत कौन तय करेगा? सिंघवी के अनुसार, कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने कहा था कि इन विधेयकों को प्रवर समिति के पास भेजा जाए। लेकिन इस सरकार ने जिद और अहंकार की राजनीति की। उसने ये विधेयक प्रवर समिति के पास नहीं भेजे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने शांता कुमार समिति की सिफारिशों को लागू करने का प्रयास किया है। सिंघवी ने सवाल किया, अनुबंध के आधार पर खेती के बारे में 75 साल तक किसी सरकार और प्रधानमंत्री ने फैसला क्यों नहीं किया? क्या इस सरकार ने ठेके की खेती के नाम पर नयी जमींदारी प्रथा शुरू नहीं की है? उन्होंने आरोप लगाया कि यह 2020 की जमींदारी प्रथा है जिसका उद्घाटन इस सरकार ने किया है। सिंघवी ने कहा, अनाज के भंडारण की सीमा हटा दी गई है। क्या कोई भी कारोबारी जमाखोरी नहीं करेगा? यह मुनाफाखोरी को बढ़ाने की कोशिश है। उन्होंने कहा, ये लोग (भाजपा) कहते हैं कि कांग्रेस के घोषणापत्र में इसी तरह के कदम का वादा किया गया था। लेकिन इनको हमारे घोषणापत्र को पढ़ना चाहिए। हमने कई सुरक्षा चक्र की बात की थी। हमने जिन बातों का उल्लेख किया था वो बातें इन विधेयक में शामिल नहीं की गईं। कांग्रेस प्रवक्ता ने यह दावा भी किया कि अगर यह कानून बन गया तो यह संघीय ढांचे के विरूद्ध होगा। सिंघवी ने कहा कि इन काले कानूनों को उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी और इस बात में संदेह नहीं है अंतोतगत्वा ये निरस्त हो जाएंगे।

## एक नजर

### केरल से गिरफ्तार आतंकी के क्या सहारनपुर से जुड़े हैं तार, जांच में जुटी यूपी एटीएस



**लखनऊ।** केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार दो आतंकियों में से एक मोहम्मद गुलनवाज का सहारनपुर 'कनेक्शन' होने से यूपी एटीएस भी जांच में जुट गई है। फरार चल रहे गुलनवाज़ को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) लंबे समय से तलाश रही थी। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था। एनआईए ने गुलनवाज़ और उसके साथी शोएब को फ्लाइट से उतरते ही गिरफ्तार कर लिया था। वे सऊदी अरब से यहां पहुंचे थे। दोनों वर्ष 2008 में बंगलुरु में हुए सीरियल ब्लॉस्ट की घटना में आरोपित हैं। गुलनवाज़ यूपी के सहारनपुर का है तो उसका साथी शोएब केरल के कन्नूर का रहने वाला है। इसी तरह गुलनवाज लश्कर-ए-तैय्यबा से जुड़ा है तो शोएब इंडियन मुजाहिदीन से। खुफिया एजेंसियों से गुलनवाज़ की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही एटीएस भी सक्रिय हो गई। एटीएस यह पता करने में लगी है कि फरार रहने के दौरान गुलनवाज़ ने यूपी में अपना नेटवर्क तो नहीं खड़ा किया? फिलहाल सभी प्रमुख सुरक्षा एजेंसियां दोनों से पूछताछ में जुटी हैं। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया कि वह लोग जांच एजेंसियों के संपर्क में हैं और हर तरह के इनपुट को बेहद गंभीरता से लेते हुए उसकी पड़ताल की जा रही है।

### 30 लोगों ने प्राइवेट लैब में कराया कोरोना टेस्ट तो आए पॉजिटिव



**कानपुर।** यूपी के कानपुर की नामचीन ज्ञान पैथालॉजी लैब में कोरोना नेगेटिव को पॉजिटिव बताने का खतरनाक खेल पकड़ा गया है। इस लैब से पॉजिटिव बताए गए 30 लोग सरकारी जांच में नेगेटिव मिले हैं। इस खुलासे से सनसनी मच गई है। डीएम ने इस घटनाक्रम का खुलासा करते हुए सीएमओ को रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश दिया है। 20 सितंबर को डीएम आलोक तिवारी और सीएमओ डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने एक मरीज की शिकायत पर स्वरूप नगर स्थित ज्ञान पैथालॉजी लैब पर छापा मारा था। लैब की शिकायत एक मरीज ने की थी, जिसे युगांडा जाना था। उसने लैब में जाचं कराई और उसे पॉजिटिव रिपोर्ट मिली। उसने दूसरी लैब में भी जांच कराई थी, जहां वह नेगेटिव निकला। उसे कोई लक्षण भी नहीं था। उसने लैब की शिकायत की। डीएम खुद जांच करने पहुंचे तो पता चला कि वहां कई मरीजों के नाम-पते और मोबाइल नम्बर गलत दर्ज हैं। डीएम आलोक तिवारी ने कहा कि गलत रिपोर्ट देना, पॉजिटिव मरीजों के पूरे एड्रेस न लिखना, ज्यादा पैसा लेना जैसी शिकायतें सही मिलीं तो लैब सील कर दी गई थी। एडीएम सिटी की निगरानी में तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई, जिसमें दो एसीएमओ शामिल किए गए थे। जांच कमेटी ने विस्तृत पड़ताल की है। जांच में 20 सितम्बर से तीन दिन पूर्व की सभी कोरोना जांचों के रिकार्ड लिए गए। कमेटी ने उन सभी मरीजों की दोबारा जांच की है। उसी जांच में 30 पॉजिटिव मरीज निगेटिव मिले हैं। अभी 12 की रिपोर्ट आनी बाकी है।

## कंगना की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट की बीएमसी को फटकार

# बारिश में इमारत को तोड़कर नहीं छोड़ सकते, कल सुनवाई

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के दफ्तर को तोड़े जाने के मामले में सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने शिवसेना सांसद और प्रवक्ता संजय राउत से जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने बीएमसी को फटकार लगाते हुए कहा कि इमारत को तोड़कर उसे नहीं छोड़ा जा सकता है। इस मामले में शुक्रवार से सुनवाई शुरू होगी। कोर्ट ने कहा कि दफ्तर का एक हिस्सा गिराया जा चुका है और बारिश की वजह से सुनवाई को टाला नहीं जा सकता है। कोर्ट ने दायर संशोधित याचिका में रिस्पॉन्डेंट्स के नाम पर भी नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने याचिका को और संशोधित करने की अनुमति दे दी है और शुक्रवार, 25 सितंबर को दोपहर 3 बजे सुनवाई का समय तय किया है।

जस्टिस एस जे कथावाला और जस्टिस आर आई चागला की डिवीजन बेंच को याचिका पर सुनवाई के दौरान वकील प्रदीप जे थोराट द्वारा बताया गया कि वे संजय राउत की ओर से पेश हो रहे हैं और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए समय की आवश्यकता है क्योंकि उन्हें गुरुवार सुबह ही याचिकाएं मिली हैं। थोराट ने आगे कहा कि संजय राउत चूंकि संसद के सदस्य हैं और इस समय संसद सत्र की वजह से दिल्ली में होने के चलते निर्देश देने के लिए उपलब्ध नहीं है तो उन्हें कोर्ट द्वारा



और समय दिया जाना चाहिए। इसके बाद याचिका पर सुनवाई होनी चाहिए। वहीं, बीएमसी के वरिष्ठ वकील अनिल साखरे ने भी भाग्यवंत लाते की ओर से और अधिक समय की मांग की। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट ने बीएमसी के एच-वेस्ट वॉर्ड के अधिकारी भाग्यवंत लाते को अभियोजित करने यानी पार्टी बनाने की इजाजत एक्ट्रेस को दी थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बंगले के एक हिस्से को गिराया जा चुका है और मुंबई में हो रही भारी बारिश की वजह से याचिका पर सुनवाई को और नहीं टाला जा सकता है। बेंच ने कहा, हम धवस्त हो चुके घर को ऐसे ही नहीं छोड़ सकते हैं। आपको यहां पर ज्यादा समय चाहिए, लेकिन बाकी आप बहुत तेज हैं। कोर्ट ने थोराट को राउत की ओर से जवाब दाखिल करने की अनुमति दी।

**नौ सितंबर को बीएमसी ने तोड़ दिया था कंगना का दफ्तर**-सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद कंगना रनौत ने मुंबई पुलिस पर निशाना साधना शुरू कर दिया था। इस दौरान, उन्होंने मुंबई की तुलना पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से कर दी थी, जिसके बाद उनके और शिवसेना सांसद संजय राउत के बीच बयानबाजी का दौर शुरू हो गया था। नौ सितंबर को बीएमसी ने कंगना के दफ्तर के एक हिस्से को अवैध बताते हुए तोड़ दिया था। हालांकि, कंगना द्वारा दायर याचिका में कोर्ट ने रोक लगा दी थी, लेकिन तब तक बीएमसी एक हिस्से को तोड़ चुकी थी।

## मैं बिहार की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत सकता हूं: गुप्तेश्वर पांडेय

**नई दिल्ली।** बीते मंगलवार को बिहार के डीजीपी पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने के बाद गुप्तेश्वर पांडेय ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक पारी के बारे में खुलकर बात की। राजनीतिक पार्टी में शामिल होने और चुनाव लड़ने के सवाल पर गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि क्या ये अवैध है? आजतक को दिए खास इंटरव्यू में पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि बिहार की जनता मुझे बहुत प्यार करती है। मैं कहीं चुनाव लड़ा तो जीत सकता हूं। चुनाव से मेरे वीआरएस को जोड़ना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे खिलाफ हर रोज अफवाह उड़ाकर मुझे विवादित बनाया जा रहा है। मेरे खिलाफ विपक्ष, चुनाव आयोग से शिकायत करता और अगर चुनाव आयोग मुझे हटा देता तो मेरी कितनी बेइज्जती होती। 34 साल तक बेदाग रहा, लेकिन इस तरह का माहौल बना दिया गया कि निर्वाचन आयोग को मुझे हटाना पड़े। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ साजिश हो रही थी। मुझे अपमानित करके हटाने का प्लान था। मैं समझ गया और मैंने वीआरएस लेने का फैसला किया। किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाना या चुनाव लड़ जाना, पाप है क्या? अगर मैं चुनाव में जाने का फैसला करता हूं तो इसमें क्या अनैतिक और अवैध है। गुप्तेश्वर पांडेय ने आग कहा कि मैं बिहार के किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़कर जीत सकता हूं, वह भी निर्दलीय। 14 सीटों से चुनाव लड़ने का ऑफर है, लेकिन मैं अभी राजनीति में जाने को लेकर फैसला नहीं किया है। जो भी होगा, पहले अपने लोगों से सलाह मशविरा करूंगा फिर इसका ऐलान करूंगा।

## पुलवामा में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को किया ढेर, बडगाम में एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में गुरुवार को एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले के त्राल क्षेत्र के मगहमा में उस वक्त हुई जब सुरक्षा बल यहां घेराबंदी कर तलाश अभियान चला रहे थे। वहीं, बडगाम जिले में सीआरपीएफ पार्टी पर आतंकी हमले में एक जवान शहीद हुआ है। अधिकारी की मानें तो पुलवामा में एक आतंकवादी मारा गया है और अभियान अब भी



जारी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी की पहचान और उसके संगठन के बारे में पता लगाने की कोशिश की जारी है। इसके अलावा, बडगाम के चदूरा इलाके में सीआरपीएफ पार्टी पर आतंकी हमले में सीआरपीएफ का एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हुआ था, जिसे तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया। मगर बाद में इलाज के दौरान जवान शहीद हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने बडगाम जिले के कैसरमुल्ला में सीआरपीएफ की 117वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक को गोली मार दी थी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी एएसआई एन. सी. बडोले की सर्विस राइफल (ए.के.राइफल) भी अपने साथ ले गए। अधिकारी ने बताया कि बादामी बाग स्थित सेना के 92 बेस अस्पताल में इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि इलाके की घेराबंदी कर आतंकवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## बिहार के बाद अब राजस्थान के डीजीपी ने दिया वीआरएस के लिए आवेदन



**जयपुर।** राजस्थान के पुलिस प्रमुख भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन दिया है। राजस्थान के एक शीर्ष नौकरशाह ने इसकी पुष्टि की। अधिकारी ने कहा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भूपेंद्र सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया है। उनकी जगह अब डीजीपी अपराध एमएल लाठर को नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह राजस्थान उप्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में दीपक उप्रेती की जगह ले सकते हैं या अजमेर में एमडीएस विश्वविद्यालय के नए कुलपति हो सकते हैं। उप्रेती का रिटायरमेंट अगले सप्ताह होने वाला है। आपको बता दें कि पिछले साल अगस्त में उन्हें जून 2021 तक विस्तार दिया गया था। भूपेंद्र सिंह 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी, जिन्हें 30 जून, 2019 को पुलिस महानिदेशक बनाया गया था और माना गया था कि वह दो साल के लिए इस पद को संभालेंगे। सेवा विस्तार का निर्णय संघ लोक सेवा आयोग द्वारा गठित समिति की सिफारिश और राज्य सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश पर आधारित था। भूपेंद्र सिंह और एसीबी डीजी आलोक त्रिपाठी राज्य के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं।

## किसानों के भगवान हैं प्रधानमंत्री

# विपक्ष को किसानद्रोही बता कृषि बिलों के समर्थन में बोले शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** कृषि से जुड़े तीनों विधेयकों को संसद से मंजूरी मिल गई है। पक्ष इसे



किसानों के हित का बता रहा है, वहीं विपक्ष का कहना है कि इससे किसानों का घाटा होगा। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता से लेकर मंत्री तक किसान बिलों के फायदे गिनाने में जुट गए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों का भगवान बताया और कहा कि संसद से पारित कृषि सुधार संबंधी विधेयकों से अन्नदाताओं की आय दोगुनी होगी। शिवराज सिंह चौहान ने इन विधेयकों के विरोध में उतरे विपक्षी दलों को किसानद्रोही करार दिया और आरोप लगाया कि वे बिचौलियों की पैरवी कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार रात इंदौर में संवाददाताओं से कहा, दूरदृष्टि से फैसले करने वाले प्रधानमंत्री किसानों के भगवान हैं। कृषि सुधारों से संबंधित तीनों विधेयक किसानों के लिए वरदान हैं जिनसे किसानों की आय दोगुनी होगी। विपक्षी दलों पर हमला जारी रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, अगर कोई निर्यातक अच्छे दाम देकर सीधे किसानों से गेहूं और धान खरीदता है, तो किसी बिचौलिये की जरूरत क्या है? विपक्षी दल बिचौलियों का समर्थन क्यों कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल कृषि विधेयकों को लेकर प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि किसानों के हितों का अंधविरोध कर रहे हैं।

# टीका बनाने की उम्मीदों पर भारी पड़ा कंपनियों का शॉर्टकट

**नई दिल्ली।** दशकों में तैयार होने वाले टीके को एक साल में बनाने का कंपनियों का शॉर्टकट कोरोना का इलाज मिलने की उम्मीदों पर भारी पड़ता दिख रहा है। साल के अंत तक अचूक टीका बनाने का दावा कर चुकीं कंपनियां अब कह रही हैं कि अगर टीका 50 फीसदी भी सफल रहा तो बड़ी बात होगी। यह टीका मध्यम या गंभीर स्तर के कोरोना के मरीजों पर कारगर होगा भी नहीं, इस पर सवाल खड़े हो गए हैं।

इससे टीके की होड़ में आगे चल रहीं मॉडर्ना, फाइजर और एस्ट्राजेनेका की कलई खुलने लगी है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि अगर दिग्गज कंपनियों की वैक्सीन सिर्फ कोरोना के मामूली लक्षण वाले मरीजों को ही सुरक्षा कवच दे पाएंगी और मौत के मुंह में जा रहे गंभीर मरीजों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाएगा तो अरबों डॉलर फूंकने का क्या फायदा। वैक्सीन का मतलब ही है कि गंभीर मरीजों को इलाज मुहैया कराया जाए। दरअसल, कंपनियों ने पिछले हफ्ते जारी अपने प्रोटोकॉल में कहा है कि अगर वैक्सीन कोरोना के मामूली लक्षण वाले मरीजों में खतरे को कम करने में सफल रहती है तो इसे कामयाबी माना जाएगा। यानी कि मध्यम या गंभीर स्तर के मरीजों, अस्पताल या आईसीयू में भर्ती मरीजों के लिए टीका तैयार करने की कवायद ही नहीं चल रही है।

मैरीलैंड यूनिवर्सिटी में फार्मेसी स्वास्थ्य सेवा अधिकारी डॉ. पीटर दोषी का कहना है कि




मॉडर्ना और एस्ट्राजेनेका दोनों ने ही 30-30 हजार लोगों पर तीसरे चरण का परीक्षण का वादा किया है जबकि फाइजर 44 हजार पर ट्रायल करने की बात कह रही है। इसमें वालंटियर को तीन-चार हफ्तों के बीच वैक्सीन की दो खुराक दी जानी है और इस कवायद को पूरा करने में चार-पांच माह कम से कम लगेंगे। मगर कंपनियों का कहना है कि अगर टीका खांसी-जुकाम जैसे मामूली लक्षणों के साथ पॉजिटिव पाए गए 150-160 प्रतिभागी पर भी कारगर रहता है तो इसे सफल घोषित कर दिया जाएगा।

**पूरी आबादी के लिए नहीं होगा टीका**- मॉलीक्यूलर मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. एरिक ट्रिपोल का कहना है कि कोविड के सबसे ज्यादा मरीज भले ही मामूली लक्षण वाले हों, लेकिन इन पर कारगर टीका यह साबित नहीं करता कि मध्यम और गंभीर मरीजों में भी वायरस का खतरा नहीं रहेगा। टीका पूरी आबादी के लिए नहीं होगा। बूढ़े और गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को कोई लाभ नहीं मिलेगा। जब बिना टीके के ही मामूली लक्षण वाले और पहले किसी बीमारी से नहीं पीड़ित लोग ठीक हो रहे हैं तो क्या कंपनियां सिर्फ मुनाफे के लिए वैक्सीन का ढोल पीट रही हैं। बच्चों, किशोरों और गर्भवती महिलाओं पर भी आगे ट्रायल होगा यह तय नहीं।

**एफडीए कसेगा शिकंजा**-अमेरिका की शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी एफडीए ने कह दिया है कि ट्रायल सही मानव परीक्षण पर आधारित होने चाहिए। यह टीका मध्यम या गंभीर स्तर के मरीजों पर भी कारगर साबित होना जरूरी है। एफडीए वैक्सीन कंपनियों के लिए नई गाइडलाइन अगले हफ्ते तक जारी करेगा। इसमें टीके की आपात मंजूरी चाहने वाली कंपनियों को तीसरे चरण के परीक्षण में प्रतिभागियों को दूसरी खुराक देने के करीब दो माह तक उसकी प्रभाव क्षमता का आकलन करना होगा। मंजूरी के लिए गंभीर मरीजों और बुजुर्गों में भी टीके की प्रभाव क्षमता सिद्ध करनी होगी।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक, 404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478, 7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

आलमपुर में व्यापारी से हुई मारपीट

# व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया धरना

## पूर्व विधायक व एसडीओपी पहुंचे मौके पर





आलमपुर- पुरानी रंजिश के चलते बुधवार को व्यापारी के साथ हुई मारपीट।मामला भिंड जिले के आलमपुर का है जहां पर पुलिस के द्वारा दुकान के बाहर बैठे व्यापारी अंकित गुप्ता से कुछ लोगो ने आपत्तिजनक गालियां देते हुए मारपीट शुरू करदी और जान से मारने की धमकी भी दे डाली।जिसके बाद फरियादी व्यापारी अंकित गुप्ता ने आलमपुर थाने में शिकायत के लिए आवेदन दिया जिसके बाद आलमपुर पुलिस ने मामले की जांच कर 04 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है जिसके से आरोपी चैनु शर्मा,जगतनारायण शर्मा निवासी महादुआ थाना पण्डोखर व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध क्रमांक 104/2020 धारा 323,294,506,34द्वश्चष्के तहत मामला दर्ज किया है। घटना के बाद गुरुवार को आलमपुर नगर के व्यापारियों ने व्यापारियों से हुई मारपीट का विरोध करते हुए पूरा बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन किया जिसके बाद मौके पर पूर्व विधायक रसाल सिंह व एसडीओपी दिनेश सिंह वैश ने व्यपारी को कार्यवाही का आश्वासन देकर बाजार खुलवाया।

पीड़ित व्यापारी ने लगाए थाना प्रभारी पर आरोप पीड़ित व्यापारी अंकित गुप्ता ने थाना प्रभारी आलमपुर पर सही रूप से कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुये कहा कि थाना प्रभारी महोदय ने सही रूप से कार्यबाही नही की है और न ही एफआईआर मेरे हिसाब से की गई है थाना प्रभारी महोदय को मेरे द्वारा जो भी बताया गया उसमे से कुछ ही बातें एफआईआर में दर्ज की गई है। पीड़ित ने कहा कि मेरे साथ मारपीट कर दुकान के गल्ले से पैसो की लूट भी की गई है परन्तु थाना प्रभारी महोदय ने एफआईआर में यह बात नही दर्शाई है थाना प्रभारी आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।पीड़ित व्यापारी ने भिंड पुलिस विभाग के मुखिया से निवेदन किया है जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावे और थाना प्रभारी का स्थानांतरण किया जाए।

**पूर्व थाना प्रभारी परशुराम अहिरवार का तबादला होने से फिर बढ़ने लगा अपराध**

यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज उपनिरीक्षको की तबादला सूची जारी की गई थी जिसमे आलमपुर थाने में पदस्थ थाना प्रभारी परशुराम अहिरवार का तबादला कर दिया गया था।जिसके बाद आलमपुर थाने की कमान उपनिरीक्षक कमलकांत दुबे को सौंपी गई थी।व्यापारी से हुई मारपीट की घटना के बाद अब लोगो का कहना है कि पूर्व थाना प्रभारी के रहते आलमपुर नगर में अपराध पर अच्छा शिकंजा कसा गया था परंतु नए थाना प्रभारी के आते ही लोगो के हौशले बुलन्द हो गए है और फिरसे नगर में अपराध पनपने लगा है।।

**इनका कहना**

1-मामले की जांच की जा रही है जांच में जो भी दोषी पाया गया उसके पुर कार्यवाही की जायेगी।

**दिनेश सिंह वैश**
**एसडीओपी लहार**

2-मौके पर पहुंचकर व्यापारियों की बात सुनकर बाजार खुलवाया।क्षेत्र में गुंडागर्दी बढ़ती जा रही है जिसके लिये पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो को भी अवगत कराऊंगा।

**रसाल सिंह**
**पूर्व विधायक लहार**

3-मुझ पर लगाये गए आरोपी गलत हैं।जैसा कि व्यापारी ने बताया कि उसके साथ दुकान में लूट भी हुई है जिसके अभी तक कोई तथ्य नही मिले हैं अगर कोई सबूत मिलता है तो अन्य धाराओं में भी कार्यवाही की जाएगी साथ ही आरोपियों की तलाश जारी है।

**कमलकांत दुबे**
**थाना प्रभारी आलमपुर**

4-थाना प्रभारी महोदय द्वारा एफआईआर बिल्कुल गलत लिखी गई है।अगर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही व थाना प्रभारी का तबादला नही हुआ तो पुनः बाजार बंद कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

**अंकित गुप्ता**
**पीड़ित व्यापारी**



# राष्ट्रीय बजरंगदल खेरागढ़ ने मौके पर पहुंचकर नंदी बाबा की बचाई जान

**राजकुमार राजपूत रिपोर्टर**

खेरागढ़ बजरंग दल को सूचना मिली के नंदी बाबा हेड पंप के बोर वाले गड्ढे में गिर चुका है क्षेत्रीय लोग इकट्ठा हुए उन्होंने बहुत कोशिश की लेकिन नंदी बाबा को बाहर नहीं निकाल पाए उन्होंने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष जीतेश ठाकुर को सूचना की उन्होंने तत्काल अपनी समस्त टीम को बुलाया और चंद मिनटों में टीम उपस्थित हुई तत्काल नंदी बाबा को गड्ढे से बाहर निकाला और उसका जीवन बचाया क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अगर एक आध घंटा और लेट हो जाते तो नंदी बाबा दलदल में फंस के डूब कर अपनी जान गवा देते उन्होंने राष्ट्रीय बजरंगदल की समस्त टीम का धन्यवाद किया राष्ट्रीय बजरंगदल के कार्यकर्ता पदाधिकारियो में मौजूद जिला उपाध्यक्ष आकाश धाकरे सूरज चौहान तहसील गौरक्षा प्रमुख रूपेंद्र सिंह तोमर अनूप बाल्मीकि सागर दक्ष रोहित गर्ग कल्ला गोस्वामी सौरभ त्यागी पुष्पेंद्र गोलू आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

## लदतिया सिटी कोतवाली पुलिस ने उपचुनाव को लेकर किया लाइसेंसी बंदूक एवं रिवाल्वर जमा करने का एलाउंसमेंट



सिटी कोतवाली टीआई धनेंद्र सिंह भदौरिया ने ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में लाइसेंसी बंदूक एवं पिस्टल धारकों को सूचित किया जा रहा है एलाउंसमेंट द्वारा कि वह अपनी अपनी जमा कराएं आचार संहिता लगने वाली इसी के चलते दतिया में टीआई धनेंद्र सिंह भदोरिया ने अपना पुलिस बल के साथ दतिया सिटी में सबको सूचित करने का काम किया



# हंदर में पहाड़ी से गिरने से महिला की मौत

**रघुवीर ठाकुर/दीपक लखोत्रा**

**रियासी/अरनास।** रियासी जिले की अरनास तहसील के हंदर इलाके में पहाड़ी से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान जुबैदा बानो आयु करीब 25 वर्ष पत्नी मोहम्मद जमील निवासी हंदर तहसील अरनास जिला रियासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला घास काटने के लिए अपने घर से कुछ दूरी पर एक पहाड़ी पर गई हुई थी, तभी उसका पांव फिसल गया और वह पहाड़ी से खाई में गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## महिलाओं से संबंधित कानूनी मुद्दों पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन और अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में 25 सितम्बर 2020 को सामुदायिक भवन ग्राम जौरा में महिलाओं से जुड़े कानूनी मुद्दो पर विशेष विधिक साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## प्रेम-: एक अहसास



माता-पिता, आचार्य, भाई-बहन, पुत्र-पुत्री, पत्नी, मित्र, पेड़-पोधौ, जानवरों से या फिर पालतू पशुओं से लगाव ही प्रेम है। प्रेम व्यक्ति कि ऐसी भावना है,जो उसे व्यक्ति से व्यक्ति को मिलाकर अपनत्व को स्थापित करता है। परन्तु वर्तमान में प्रेम को कई व्यक्ति नकारात्मक रूप में लेते है,जो कि प्रेम का न तो आस्वादन कर पाते हैं और न ही किसी अन्य को करने देना चाहते, प्रेम संकुचित न होकर अत्यंत ही विस्तृत है, जिसकी पूर्ण व्याख्या कर पाना संभव नहीं है। प्रेम व्यक्ति की एक मुख्य भावना है। व्यक्ति विशेष से लगाव को उत्पन्न करने कि अद्भुत क्षमता प्रदान करता है। प्रेम एक अहसास है, जो व्यक्ति को व्यक्ति से जोड़कर उसे प्रेम नामक भावना से परिपूर्ण करता है, इसका सकारात्मक रूप व्यक्ति की सोच को अत्यंत ही विस्तृत और उत्कर्ष बना देती है। प्रेम व्यक्ति में नैतिक मूल्यों को स्थापित कर सकता है और अनैतिक भी, परन्तु यह सब उस व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह प्रेम को किस प्रकार ग्रहण करता है। प्रेम व्यक्ति की स्वार्थहीन व्यंजना है, जिसमें व्यक्ति पूर्ण रूप से प्रेम से रूबरू हो जाता है। प्रेम असीम,अथाह,अतुल्य होता है, इसलिए प्रेम को एक ही अर्थ में लेना सर्वदा अनुचित है, प्रेम अत्यंत ही विस्तारित है, जिसको शब्दों में समझ पाना अत्यंत ही मुश्किल है। प्रेम को सात्विक अर्थ में लेने वाला व्यक्ति अत्यंत ही उत्कृष्ट विचारों वाला होने के साथ-साथ वह अत्यंत नम्रता युक्त एवं स्वार्थहीन होता है। प्रेम परस्पर आत्मा का आत्मा से मिलन है, अर्थात व्यक्ति अन्य व्यक्ति के विचारों भावनाओं को समझने लगता है, के व्यक्ति की दिव्यता है, प्रेम व्यक्ति को सुगंधमय पुष्प की तरह हर जगह उत्कृष्टता प्रदान करता है, सटीक अर्थ में प्रेम, ममता और वात्सल्य का पर्याय है। प्रेम व्यक्ति की आत्मा से होता है ना की देह से, अर्थात देह से होने वाला, प्रेम; प्रेम नहीं कहा जा सकता वह स्वार्थ से परिपूर्ण आकर्षण होता है-

**व्यक्ति की निस्वार्थ भक्ति है, प्रेम**
**आत्मा का मिलन है, प्रेम**
**व्यक्ति का अस्तित्व है प्रेम**
**विश्वास का दूसरा रूप है प्रेम।।**

# सिंधिया नगर में हुआ डॉ. सिकरवार का धूमधाम से स्वागत

ग्वालियर। कॉग्रेस के वरिश्ठ नेता एवं जन उत्थान न्यास अध्यक्ष डॉ. सतीष सिंह सिकरवार आज सिंधिया नगर स्थित दांगी बाबा मंदिर पहुँचे जहां पर क्षेत्रीय निवासीओं ने उनका पुश्पहार पहनाकर धूम-धाम से स्वागत एवं सम्मान किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में कॉग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और आगामी विधानसभा उपचुनाव को कॉग्रेस को जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने वहां मौजूद लोगो का संबोधित करते हुये कहा कि हम जो लड़ाई लड़ने जा रहे है, ये लड़ाई किसी व्यक्ति से नही ब्लकि उस सोच से जिसे लगता है कि वो आपका मत बेच या खरीद सकता है और हम सब चुप रहेगें। आने वाले विधानसभा उपचुनाव में आप और हम मिलकर उन सभी को मुँहतोड़ जबाब देगें और कॉग्रेस की सरकार फ़िर से बनाकर माननीय कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनायेगें।



**क्षेत्रीय जनता कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की**



## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कोरोना निगरानी समिति माधव महाविद्यालय ग्वालियर को सम्मानित किया: सी.बी.प्रसाद (कोरोना निगरानी समिति के सदस्य राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का जिला प्रषासन द्वारा किया गया सम्मानित)

ग्वालियर। भारत युवाओं का देष है जिसे पूरा विष्व मानता है क्योकिं स्वामी विवेकानन्द जी ने भी मुठ्ठी भर युवाओं का आव्हान राष्ट्र निर्माण के लिए किया था। भारत सरकार का राष्ट्रीय सेवा योजना एक युवाओं का ऐसा संगठन है जिसे राष्ट्रीय आपदा के समय भी स्वयंसेवकों की सेवाऐं भी ली जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कोविड-19 के समय उत्कृष्ठ कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित करने का कार्य ग्वालियर प्रषासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओ.एस.डी. सी.बी.प्रसाद, अध्यक्षता प्राचार्य माधव महाविद्यालय डॉ. मनोज चतुर्वेदी, माधव महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय उपस्थित थे। कोविड-19 के समय जिला ग्वालियर में कोरोना निगरानी समिति के जिला प्रषासन द्वारा बनाई गई थी जिसका पर्यवेक्षक माधव महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय को बनाया गया था, जिनके निर्देषन में माधव महाविद्यालय के स्वयंसेवक लगातार जागरूकता के कार्य करते रहे। कार्य को करना जब अच्छा लगता है तब उसका प्रतिफ्ल स्वरूप सम्मान हो। उस समय के एस.डी.एम. लष्कर ग्वालियर सी.बी.प्रसाद की टीम को कलेक्टर द्वारा सर्वश्रेष्ठ काम करने के लिए 15 अगस्त पर सम्मानित किया। माधव महाविधालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के स्थापना दिवस पर सम्मानित कर स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया। ओ.एस.डी. प्रसाद ने छात्र-छात्राओं से कहा कि लॉक-डॉउन कोरोना संकट के समय एन.एस.एस. माधव महाविद्यालय ने जिला प्रषासन के साथ आकर सराहनीय कार्य किया। कोरोना से डर तो सब को लग रहा है परन्तु लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए कोरोना निगरानी समिति निरन्तर कार्य करती रही क्योकि कोरोना वायरस हम को देख रहा है परन्तु हम कोरोना वायरस को नहीं देख रहे और इस संकट के समय इस अदृष्य कोरोना से खुद को भी बचाना है और लोगों को भी बचाने के लिए जागरूक करना है। सम्मानित में माधव महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, स्वयंसेवकों में अंकुर चौरसिया, तरूण रोहिरा, लितेष कटारे, हेमन्त मांझी, रितिक नरवारे, यष किरार, अनिरूद्ध शर्मा, वैष्णवी शर्मा, पूर्वी बोरगांवकर, प्रियंका किरार, साक्षी गुप्ता, प्रदीप शर्मा, योगेष्वर माहौर, करण बरूआ आदि लोग प्रस्तुत थे।

## एकीकृत बाल विकास परियोजना जौरा 1 की सहायिका पद हेतु अनंतिम सूची जारी

**मुरैना।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जौरा-1 की जानकारी के अनुसार परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पद की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में दावे आपत्तियां 30 सितंबर तक आमंत्रित की गई हैं। जानकारी के अनुसार बताया गया है कि खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक 18 सितंबर को आयोजित की गई थी। जिसमें ग्राम पंचायत छैरा की आंगनवाडी केन्द्र क्रमांक 112 में सहायिका पद हेतु कुमारी आरती गौड़ पुत्री रामवीर गौड़ का अनंतिम सूची में चयन किया गया है। मेरिट लिस्ट के आधार पर अनंतिम सूची तैयार की गई है। इस संबंध में अनंतिम सूची में कोई आपत्ति हो तो 30 सितंबर तक आवेदन संबंधित परियोजना में कर सकते हैं इसके बाद कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## प्रियंका, पिंकी, कल्पना, धर्मेन्द्र, रवी, कल्याण सिंह, मुन्नालाल, मदन पथ विक्रेता योजना में 10-10 हजार का चैक लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ा सकेंगे

**मुरैना।** फुटकर पथ विक्रेता सुश्री प्रियंका, पिंकी, राधा, माया, कल्पना, धर्मेन्द्र मांझी, रवी मांझी, कल्याण सिंह, धर्मवीर और मुन्नालाल अब पथ विक्रेता योजना से 10-10 हजार रूपये का चैक लेकर अपने व्यवसाय को और अधिक बढ़ा सकेंगे, जिससे उनका आर्थिक, सामाजिक उन्नयन हो सकेगा। वे अपने परिवार को अच्छी तरह से चला सकेंगे। व्यवसाय अच्छा चलने पर वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकेंगे।

मुरैना विकासखण्ड के मदन और पिंकी ने बताया कि हमें आज पथ विक्रेता ऋण वितरण कार्यक्रम में 10-10 हजार रूपये का बगैर ब्याज गारंटी के चैक मिला है। हम वास्तव में पैसे का सदुपयोग करके अपने पुराने व्यवसाय को और अधिक बढ़ा सकेंगे। इससे हमें और अधिक आमदनी होगी, जिससे हम अपने घर-गृहस्थी को अच्छी तरह से चला सकेंगे। पिंकी ने बताया कि व्यवसाय बढ़ जाने से आमदनी भी बढ़ेगी। इससे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। अंबाह क्षेत्र के धर्मवीर, कल्याण सिंह और मुन्नालाल ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि वास्तव में प्रदेश के मुख्यमंत्री गरीबो के मसीहा है, उनके द्वारा गरीबो के हितों में कई कल्याणकारी योजनायें चलाई है। हम जैसे फुटकर पथ व्यवसायियों के लिये भी 10-10 हजार रूपये का ऋण देकर अपने छोटे-मोटे धंधों को खोलने का अवसर दिया है। धर्मवीर ने कहा कि 10-10 हजार रूपये की पूंजी लगाकर अपने व्यवसाय को और बेहतर कर सकता हूं। इससे मेरी इन्कम बढ़ेगी। पहाडगढ़ निवासी कल्याण सिंह ने कहा कि पथ विक्रेता योजना में मिले 10 हजार रूपये में एक नया धंधा शुरू करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकूंगा। पहाडगढ़ के ही धर्मेन्द्र मांझी ने कहा कि यह बहुत अच्छा अवसर है। सरकार हम जैसे फुटपाथ व्यवसायियों को आर्थिक मदद देकर हमें अपने व्यवसाय को बढ़ाने का मौका दे रही है। राधा, प्रियंका और कल्पना ने कहा कि कोरोना काल में लगे लॉकडाउन से हमारा धंधा सिंलाई, कढ़ाई का धंधा खत्म हो गया था। अब मुख्यमंत्री की पथ विक्रेता योजना में हमें 10-10 हजार रूपये का सहयोग मिलने से हम अपना व्यवसाय और अच्छी तरह से कर सकेंगे।

### अपर जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने उपजेल सबलगढ़ का वीडियो कॉफेंस के माध्यम से निरीक्षण, वर्चुअल ई-कैम्प किया

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता ने गुरूवार को उपजेल सबलगढ़ का वीडियों कॉफ्रेंस के माध्यम से निरीक्षण, वर्चुअल ई-कैम्प किया। उपजेल सबलगढ़ में स्थित बंदियों के बारे में जानकारी ली। जिसमें उपजेल उप अधीक्षक सबलगढ़ ने 102 बंदी होना बताया। अपर जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने जेल में आने वाले नए बंदियों को अलग से बैरिक में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 कोरोना वायरस के फैलते संक्रमण से बचाव के संबंध में बताया कि अपने हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोऐं एवं अपने चेहरे को हाथों से छूने से बचे तथा कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाकर रखे, जिससे कोरोना वायरस संक्रमण फैलने का खतरा कम रहें।

# यातायात पुलिस ने चलाया शहर में चेकिंग अभियान, सर सलामत, सब सलामत

**ग्वालियर संभागीय ब्यूरो चीफ संदीप प्रधान की रिपोर्ट**



दतिया। पुलिस कप्तान अमन सिंह राठौड़ के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापति के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी हौतम सिंह बघेल ने पुलिस यातायात पुलिस बल के साथ शहर में चलाया चेकिंग अभियान। अधिक तेज गति से बाइक चलाने वालों एव बिना लाइसेंस,बिना हेलमेट, बिना नंबर की गाड़ियां और बाइकों पर तीन लोग बैठकर घूम रहे हैं लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी होतम सिंह ने समझाइश भी दी ।कि बिना हेलमेट के ना निकलें, बिना नंबर की गाड़ी और अधिक तेज गति से बाइक ना चलाएं। बिना हेलमेट के बाइक लेकर न निकले।शहर में अधिक तेज गति से गाड़ी ना चलाएं। स्वयं सुरक्षित रहे। हेलमेट का बंधन आपके जीवन को आप से बांधकर रखता है। यातायात नियमों का पालन करें। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी होतम सिंह बघेल और यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

## कब्र से

जब मैं जिंदा था तब मुझको,
पानी तक ना दे पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
पानी देने आए हो तुम।।
जब मैं जिंदा था तब मुझको,
कभी खुश होकर मन से, एक रोटी ना दे पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
पकवान देने आए हो तुम।।
मेरी तकलीफों में एक कतरा,
आंसू तक बहा ना पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
आंसुओं की बारिश करने आए हो तुम।।
जब मैं जिंदा था तब मुझसे,
कौड़ी भर प्रेम ना कर पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
प्रेम लुटाने आए हो तुम।।
जिंदगी भर मुझको कांटा समझा,
मुझको कभी फूल समझ ना पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
फूलों की बौछार करने आए हो तुम।।
जिंदगी भर मुझसे दूरियां रखीं,



कभी एक बार भी, मेरे नजदीक ना आ पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
मुझसे चिपकने आए हो तुम।।
जिंदगी भर मुंह मोड़ते रहे,
कभी हंसकर बोल ना पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
मुझे बुलाने आए हो तुम।।
जिंदगी भर बुराइयां करते रहे मेरी,
कभी मुझे न महका पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
अगरबत्ती लगाकर महकाने आए हो तुम।।
जब मैं जिंदा था तब समाज में,
कभी मेरी वाहवाही न कर पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
वाहवाही करने आए हो तुम।।
जब मैं दुख से गुज़र रहा था,
तब मुझको कभी याद नहीं कर पाए तुम।
और आज कब्र पर मेरी,
इबादत करने आए हो तुम।।
और आज कब्र पर मेरी,
इबादत करने आए हो तुम।।

**कवि - शिवम् यादव (हरफनमौला) पता - भ्दूरा, मोहम्मदी रोड, लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश)**

दैनिक पुष्पांजली टुडे







मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मिंटो हाल में आयोजित मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर्स योजना के हितग्राहियों को ऋण वितरण किये।...

# कमलनाथ सरकार ने नहीं निभाया कृषि कर्ज माफी को लेकर राहुल गांधी का वादा: नरोत्तम मिश्रा



**इंदौर।** मध्यप्रदेश की 28 खाली विधानसभा सीटों पर आगामी उपचुनावों के मद्देनजर किसानों के मुद्दे को लेकर सियासत तेज होने के बीच सूबे के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार कृषि कर्ज माफी को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अहम चुनावी घोषणा पूरी करने में नाकाम रही है। उन्होंने यह दावा भी किया कि 15 महीने के कार्यकाल वाली इस सरकार ने किसानों के केवल 2,000 से 4,000 रुपये के कर्ज माफ किए थे। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, (नवंबर 2018 विधानसभा चुनावों के दौरान) राहुल गांधी कहकर गए थे कि राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने पर किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज केवल 10 दिन के भीतर माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आप (मीडिया) राज्य के किसी भी गांव के 10 किसानों को कैमरे के सामने लाकर उनसे पूछिए कि क्या उनका दो लाख या डेढ़ लाख या एक लाख रुपये का कर्ज भी माफ हुआ है? इससे अपने आप दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। गौरतलब है कि कमलनाथ ने मंगलवार को जारी बयान में कहा था कि शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई वाली मौजूदा भाजपा सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रथम और द्वितीय चरण के दौरान 51 जिलों में 26.95 लाख किसानों का 11,600 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण माफ किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गृह मंत्री ने दावा किया कि कमलनाथ सरकार ने किसानों के केवल 2,000 से 4,000 रुपये के ऋण माफ किए थे और विधानसभा में इसी बात की जानकारी दी गयी है। मिश्रा, गरीब कल्याण आधारित सम्बल योजना के हितग्राहियों को सहायता राशि के वितरण के कार्यक्रम में भाग लेने इंदौर आये थे। उन्होंने पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार पर इस योजना को बंद करने का आरोप लगाते हुए कहा, कमलनाथ बड़े आदमी हैं, उद्योगपति हैं। वह अपने मुंह में सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए थे। वह भला गरीब का दर्द कैसे जानते? गृह मंत्री ने मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को किसान का बेटा बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सम्बल योजना बहाल कर दी गयी है।

# किसान सम्मान निधि का विस्तार, मुख्यमंत्री श्री चौहान का ऐतिहासिक निर्णय

## किसान हितैषी निर्णयों के लिए किसानों ने किया मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिनंदन

**भोपाल।** किसानों द्वारा किसान हितैषी फैसलों के लिए आज मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान का पुष्प-माला और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। यह कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग और सीमित किसानों की भागीदारी के साथ आयोजित हुआ। किसानों ने कहा कि प्रदेश के लघु और सीमांत कृषकों को आर्थिक सहारा देने के लिए किसान सम्मान निधि में लाभान्वित करने का मुख्यमंत्री श्री चौहान का निर्णय ऐतिहासिक है। निधि का विस्तार कर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अन्नदाता की कठिन जिन्दगी को सरल बनाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसानों का हित सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। पूर्व सरकार ने किसानों की फसल बीमा की राशि का राज्यअंश जमा नहीं किया, जिसके कारण किसानों को लाभ से वंचित होना पड़ रहा था। पूर्व सरकार ने तो 50 हजार करोड़ रुपये का वचन देकर 6 हजार करोड़ पर किसानों की ऋण माफी का कार्य समेट दिया। इसकी डेढ़ गुना राशि तो वर्तमान सरकार छह माह में प्रदान कर चुकी है। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि में किसान को 10 हजार रुपये की राशि प्रदान करने का निर्णय भी लिया गया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि में छह हजार रुपये वार्षिक प्रावधान के अतिरिक्त दो-दो हजार रुपये की दो किश्तें राज्य सरकार भी प्रदान करेगी। इससे छोटे किसान सीधे लाभान्वित हो पाएंगे। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल और पूर्व मंत्री श्री रामपाल सिंह उपस्थित थे।

# प्रदेश में 5 हजार आदिवासी युवाओं को दिलाया जायेगा कौशल उन्नयन प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश में इस वर्ष आदिम जाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित मध्यप्रदेश रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद (मेपसेट) के माध्यम से 5 हजार आदिवासी वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल उन्नयन विकास का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। यह प्रशक्षिण केन्द्र सरकार के कौशल उन्नयन विकास मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार दिलाया जायेगा।

मेपसेट द्वारा पिछले दो वर्षों में 20 हजार से अधिक आदिवासी युवाओं को रोजगारमूलक कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में 6 हजार 200 आदिवासी युवतियाँ भी हैं। मेपसेट द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त 3,400 युवाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिये आदिवासी वित्त विकास निगम के माध्यम से 91 करोड़ 62 लाख रुपये का ऋण व अनुदान उपलब्ध कराया गया है। मेपसेट के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिये मेप आईटी के माध्यम से पोर्टल डेव्हलप कराया जा रहा है। पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मॉनीटरिंग, रजिस्ट्रेशन और स्व-रोजगार की समस्त प्रक्रियाएँ ऑनलाइन होंगी। इसके साथ ही मेपसेट द्वारा वेबसाइट भी तैयार की जा रही हैं। इस वेबसाइट में जनजाति वर्ग के युवाओं के उत्थान के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिये नार्बाड के सहयोगी प्रोजेक्ट मेनेजमेन्ट यूनिट को अनुबंधित किया गया है।

**कौशल प्रशिक्षण के संबंध में व्यापक जानकारी के लिये तैयार की जा रही है वेबसाइट**



## मप्र के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मांगी माफी

# कहा- प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप नहीं था उनका बयान

**भोपाल।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण से खुद को बचाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा लगातार मास्क पहनने की अपील की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं का संदेश दिया है, लेकिन इसका असर उनकी ही पार्टी के नेता और मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर नहीं हो रहा है। कल उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा था कि मैं मास्क नहीं पहनता हूं। हालांकि अपने उस बयान के लिए उन्होंने माफी मांगी है। नरोत्त मिश्रा ने ट्वीट कर कहा, मास्क पहनने के बारे में मेरे बयान से कानून की अवहेलना महसूस हुई है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी की भावना के अनुरूप नहीं था। मैं अपनी गलती मानते हुए खेद प्रकट करता हूं। मैं स्वंय भी मास्क पहनूंगा। समाज से भी अपील करूंगा कि सभी मास्क पहनें। आपको बता दें कि कल नरोत्तम मिश्रा प्रदेश सरकार की गरीब कल्याण आधारित सम्बल योजना से जुड़े कार्यक्रम में भाग लेने इंदौर आये थे। इस कार्यक्रम में उनके मास्क नहीं पहनेने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं किसी भी कार्यक्रम में (मास्क) नहीं पहनता। इसमें क्या होता है? उनके इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा पर सवाल दागा है कि क्या कोविड-19 से बचाव के नियम-कायदे केवल आम लोगों पर लागू होते हैं? मिश्रा के पास जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य विभाग भी है। जब वह संवाददाताओं से बात कर रहे थे, तब भी उन्होंने मास्क नहीं पहन रखा था। हालांकि, उनके पास ही खड़े राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और अन्य भाजपा नेताओं ने महामारी से बचाव के लिये मास्क पहना हुआ था। उधर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने मास्क नहीं पहनने को लेकर मिश्रा के बयान के वायरल वीडियो को ट्वीट करते हुए लिखा, है कोई माई का लाल जो नियमों के उल्लंघन पर इन पर कार्रवाई का साहस दिखा सके ? नियम सिर्फ जनता के लिये ?



# मप्र में मृत प्रहरी का तबादला, कांग्रेस विधायक ने डीजी जेल पर कार्रवाई की मांग की

**भोपाल।** मध्य प्रदेश जेल विभाग में एक मृत प्रहरी रशीद खान का तबादला किए जाने को लेकर भोपाल के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने जेल मंत्री नरोत्तम मिश्रा को चिट्ठी लिखकर डीजी जेल संजय चौधरी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर जेल विभाग का एक ट्रांसफर ऑर्डर वायरल हो रहा है। इसी ट्रांसफर ऑर्डर को आधार बनाते हुए आरिफ मसूद का आरोप है कि विभाग ने 9 सितंबर को 10 प्रहरियों का ट्रांसफर किया था। इसमें छठे नंबर पर रशीद खान का नाम है, जबकि रशीद खान की तीन महीने पहले मौत हो चुकी है। आरिफ मसूद ने जेल विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने जेल डीजी संजय चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जेल विभाग प्रहरियों के ट्रांसफर के नाम पर भ्रष्टाचार कर रहा है। विधायक आरिफ मसूद तत्कालीन कमलनाथ सरकार के दौरान भी संजय चौधरी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं। तब संजय चौधरी खेल डायरेक्टर थे। उस दौरान घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विधायक मसूद ने मामले को सदन में उठाया था। इस मामले में सदन ने संज्ञान लेते हुए जांच के लिए एक कमेटी भी गठित की थी। आरिफ मसूद का कहना है कि सदन की इस कमेटी के गठन होने के बावजूद भी संजय चौधरी को पद से नहीं हटाया गया।

## मध्य प्रदेश में चार सिस्टम सक्रिय, कई संभाग में भारी बारिश के आसार

भोपाल। मध्य प्रदेश में मानसून को लेकर चार सिस्टम सक्रिय है। कम दबाव का क्षेत्र पश्चिमी मध्य प्रदेश के मध्य में है। मानसून ट्रफ राजस्थान से कम दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। दक्षिणी महाराष्ट्र से उप्र तक एक ट्रफ बना हुआ है। दक्षिणी महाराष्ट्र पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात मौजूद है। इन चार सिस्टम के असर से बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी मिल रही है। मौसम विज्ञानियों ने गुरुवार को रीवा, सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश के आसार जताए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र मौजूद रहने के साथ लगातार नमी मिलने से बुधवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अच्छी बरसात हुई। शुक्ला ने बताया कि कम दबाव का क्षेत्र उत्तर प्रदेश की तरफ बढ़ रहा है। इस वजह से गुरुवार को रीवा, ग्वालियर, सागर संभाग में अच्छी बरसात होने के आसार हैं। रीवा, सागर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।

## हो जाएं सावधान, हाई प्रोफाइल लोगों के

# सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर रुपए मांग रहे साइबर ठग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के इंदौर में साइबर ठग शहर के हाई प्रोफाइल लोगों की फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर आईडी हैक कर उनसे जुड़े लोगों से रुपए ठगने का प्रयास कर रहे हैं। मैं बहुत परेशान हूं, भाई इतने सालों की दोस्ती है, यदि हो सके तो एक मदद कर दो, मुझे 50 हजार रुपयों की जरूरत है। चैटिंग में खाता नंबर दिया है, हो सके तो इस नंबर पर रुपए भेज देना। इस तरह के मैसेज शहर में कई लोगों के पास आ रहे हैं। ऑनलाइन ठगी करने वाले बदमाशों ने नया तरीका निकाला है। ठग लोगों की फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर प्रोफाइल हैक कर रहे हैं। इसके बाद पहले दोस्तों से चेटिंग करते हैं, फिर रुपयों की मांग करते हैं। कई लोग इन ठगों के झांसे में आकर लाखों रुपये गंवा चुके हैं। अन्नपूर्णा निवासी सिंडीकेट बैंक में काम करने वालीं कल्पना दोषी ने बताया कि उनके पास उनकी दोस्त जो पुणे ब्रांच में है, का मैसेज आया और रुपयों की मांग की। दोस्त पर पूरा भरोसा था, इसलिए सोचा कि वह शर्म के कारण फोन पर बात नहीं कर पा रही होगी, इसलिए चेटिंग के जरिए रुपए मांगे हैं। कल्पना ने 25 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि दोस्त ने रुपयों की मांग नहीं की। इसी तरह पीपल्याहाना के एचडीएफसी बैंक में मैनेजर मयंक पांडे का मैसेज तनु गुप्ता के पास गया और एक लाख रुपयों की मांग की। तनु ने रुपये भेजने के पहले फोन किया तो माजरा समझ आया और क्राइम ब्रांच को शिकायत की। दो दिन पहले स्मार्ट सिटी कंपनी के कंसल्टेंट विजय मराठे ने भी क्राइम ब्रांच को इसी तरह की शिकायत की है। उनके फेसबुक प्रोफाइल को किसी ने हैक कर लिया। फेसबुक से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है। प्रोफाइल की जांच की और शिकायत दर्ज कराई। वहीं, क्राइम ब्रांच के एएसपी राजेश दंडोतिया का कहना है कि क्राइम ब्रांच में आए दिन शिकायतें आ रही हैं। यदि कोई दोस्त मैसेज या चेटिंग से रुपए मांगता है तो सतर्क रहें। पहले पता लगाएं और फर्जी पाए जाने पर शिकायत करें।



# घरेलू नल कनेक्शन से जलापूर्ति की हो रही कारगर पहल

**भोपाल।** सभी के घर नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति हो और किसी को अपनी जरूरत अनुसार जल के लिए यहाँ-वहाँ नही जाना पड़े इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पूरी तत्परता से ग्रामीण क्षेत्र के लिये पेयजल की सुदृढ़ व्यवस्था पर कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ग्वालियर, मुरैना तथा सागर संभाग के 11 जिलों के लिए ग्रामीण नलजल प्रदाय योजना में 2 अरब 52 करोड़ 80 लाख 39 हजार रूपये की (रेट्रोफिटिंग अन्तर्गत) स्वीकृति जारी की गई है। ग्रामीण नलजल प्रदाय योजना में ग्वालियर की 28, गुना की 10, अशोकनगर की 25 एवं शिवपुरी की 9 जल संरचनाएँ, मुरैना की 46 एवं भिण्ड जिले की 5 जल संरचनाएँ तथा सागर की 10, दमोह की 42, पन्ना की 25, छतरपुर की 16 एवं टीकमगढ़ की 29 जल संरचनाओं को शामिल किया गया है। योजना में शामिल सभी ग्रामों में पूर्व में निर्मित पेयजल अधोसंरचना के उपयोगी अवयवों को शामिल करते हुए जल संरचनाओं पर क्रियान्वयन किया जाना है। सभी 245 जल संरचनाओं का विस्तृत सर्वेक्षण करने के बाद इनकी डिजाइन एवं ड्राइंग तैयार करवायी जाएगी। इन ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं पर विभाग की जिला इकाइयों ने कार्य प्रारंभ कर दिया है।

# ओबीसी आरक्षण 14 से 27 फीसदी करने पर रोक बरकरार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर स्थित पीठ ने प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण 14 फीसद से बढ़ाकर 27 फीसद किए जाने पर पूर्व में लगाई गई अंतरिम रोक को बरकरार रखा है। मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर लिए बढ़ा दी गई। बुधवार को प्रशासनिक न्यायाधीश संजय यादव व जस्टिस बी. श्रीवास्तव की पीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य शासन को चार याचिकाओं पर जवाब व याचिकाकर्ताओं को प्रत्युत्तर देने के लिए समय प्रदान कर दिया। जबलपुर निवासी छात्रा आकांक्षा दुबे सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा।

उन्होंने दलील दी कि राज्य शासन का आठ मार्च 2019 को जारी संशोधन अध्यादेश अवैधानिक है। ओबीसी आरक्षण में संशोधन के कारण प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़कर 27 फीसद हो गया है। नतीजतन कुल आरक्षण 50 से बढ़कर 63 फीसद हो गया है, जबकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत 50 फीसद से अधिक आरक्षण नहीं किया जा सकता। एक अन्य याचिका में कहा गया कि एमपीपीएससी ने नवंबर-2019 में 450 शासकीय पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया में 27 प्रतिशत पद पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर लिए। शांतिलाल जोशी सहित पांच छात्रों ने एक अन्य याचिका में कहा कि 28 अगस्त 2018 को मप्र सरकार ने 15,000 उच्च माध्यमिक स्कूल शिक्षकों लिए विज्ञापन प्रकाशित कर भर्ती परीक्षा कराई। 20 जनवरी 2020 को इस संबंध में सरकार ने इन पदों में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण लागू करने की नियम निर्देशिका जारी कर दी। अधिवक्ताओं ने दलील दी कि भर्ती प्रक्रिया 2018 में आरंभ हुई, लेकिन राज्य सरकार ने 2019 का अध्यादेश इसमें लागू किया, जो अनुचित है। अधिवक्ता आदित्य संघी ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट ओबीसी आरक्षण 14 फीसद से बढ़ाकर 27 फीसदी करने का अध्यादेश 19 मार्च 2019 में स्थगित कर चुका है। इसलिए किसी भी सरकारी भर्ती या शैक्षणिक प्रवेश प्रक्रिया में 14 फीसद से अधिक ओबीसी आरक्षण नहीं दिया जा सकता।



# कस्बा निवासी उमरेठा थाना बासोनी तहसील बाह जिला आगरा में एक पीड़ित विधवा लाचार महिला ने लगायी थाना अध्यक्ष से न्याय की गुहार

राहुल कुमार रिपोर्टर

**आगरा /** कस्बा निवासी उमरेठा थाना बासोनी तहसील बाह जिला आगरा मे एक पीडित विधवा लाचार महिला ने लगायी थाना अध्यक्ष से न्याय की गुहार



महोदय बासोनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय आगरा न्याय की गुहार प्रार्थिया मीना देवी 2/श्र स्व.पिन्कू सिंह जो अपने छोटे बच्चों के साथ पालन पोषण कर रही है जिस को जगदयाल नाम व्यकित आये दिन पीडित के साथ गलत नजर ओर उनको मारने की कोशिक कर रहा है जिसके चलते पीडित आये दिन अपने बचाव के लिए कप्तान साहब ओर थाना महोदय से निवेदन कर रही हैं जो जगदयाल ओर उसके साथ रहने वाले गांजा पीकर ओर दारू पीकर अपना होश खोदे ते हे जगदयाल का आये दिन किसी न किसी के साथ घटना करता रहता है वो गावो का पेसे ओर हथियार के साथ गुंडा गर्दी कर रहा है ओर रोजाना गाली गलोज ओर मारने की धमकी दे रहा है जगदयाल कई बार पीडित विधवा महिला मीना देवी के घर में भी कूद गया है ओर जगदयाल के साथ चार लोग ओर हे जगदयाल पुत्र भवर सिंह, सुखदयाल पुत्रभवर सिंह, ऋष्णा पुत्र जगदयाल आये दिन महिला का घर से निकल ना ओर जीना मुश्किल कर दिया है पीडित महिला को गाँव वालो ने कई बार बचाया है आये दिन हर किसी से गाली गलोज ओर मारने की धमकी देता है

## पर्यावरण



हमारे आसपास का आवरण पर्यावरण कहलाता है, पर्यावरण हमारे जीवन जीने की सभी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करती है। पीने का जल,सांस लेने के लिए वायु,ईंधन, भोजन और भी अन्य आवश्यकताओं को पर्यावरण पूरा करता है। आज पर्यावरण को संरक्षित और सुरक्षित रखने की बहुत जरूरत है,जैसा की हम सब जानते हैं कि जिस हिसाब से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण हमारे आसपास का दूषित वातावरण और पेड़ों की कटाई है। पेड़ों की कटाई से वैसे भी बहुत सारे नुकसान होते हैं, लोग अपने स्वार्थवश पेड़ों को काट तो देते है पर नये पेड़ लगाते नहीं। इंसान यह भूल जाता है कि पर्यावरण से ही हमारा जीवन संभव है अगर आज हम प्रकृति का दोहन करेंगे इसे नष्ट करेंगे तो एक दिन हम स्वयं नष्ट हो जायेंगे। प्रकृति से की गई छेड़छाड़ मानव जीवन के लिए बहुत घातक है जैसा कि आज हमें न शुद्ध हवा मिल रही है, न शुद्ध पानी।

वैज्ञानिक प्रयोगों ने, कारखानों से निकले गंदे पानी ने, धुएं ने जहां वातावरण को दूषित किया है, वहीं बहुत सारी नई बीमारियों को भी बढ़ाया है।

रसायन,केमिकल के बढ़ते उपयोग ने मिट्टी को नुकसान पहुंचाया है और बढ़ती जनसंख्या ने प्रकृतिक संसाधनों को समाप्त होने की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

**अत: पर्यावरण संरक्षण बहुत आवश्यक है।**
**प्रकृति मां है,इसी से सारा जहां है**

**अंकिता जैन अवनी**
**अशोकनगर मप्र**

## कविता

अब तो वक्त भी पल-पल पिघलने सा लगा,
जीवन का दर्द खामोशी में ढलने सा लगा।
भोर छुपकर रातभर तन्हा रहा, रोता रहा,
सुबह फिर उम्मीद बनकर निकलने से लगा।
मेरे जज्बात की गहराई भी तो देखो जरा,
मैं बस ठगी सी रही तुम मुझे छलने से लगा।
बड़ी आसानी से रुखसत हो गया दिल से मेरे,
और मेरा दिल हाथ मलने से लगा।
बढ़कर रोकने की हिम्मत भी ना हुई उसको,
जाने कब दिल से वह उतरने सा लगा।
उसकी यादों की कशिश भी सुस्त होने लगी,
जब से मौसम की तरह वह बदलने से लगा।
अब उसे मुड़ कर देखने की चाहत भी ना रही,
मेरा दिल उसके नाम से भी मुकरने सा लगा।

कामिनी मिश्रा वरिष्ठ शिक्षिका व कवयित्री
**प्रा.वि.-लालमणि खेड़ा,वि.क्षेत्र-बीघापुर,**
**जनपद- उन्नाव,उ.प्र.**

## नशा के सौदागर



वो जो रात दिन पैसों पे सोते हैं।
सुना है वो बहुत डिप्रेशन में होते हैं।
तथाकथित वो हीरोज हीरोइन बनकर,
न जाने कौन कौन सा नशा लेते हैं।1।
सोचा है कभी बेरोजगार के बुनते ताने बाने में।
मजदूर लगा रहता है दो वक्त की रोटी कमाने में।
उस अन्नदाता के बारे में जितना लिखूँ कम है,
दिन रात लगा रहता है अपनी फसल बचाने में।2।
असली हीरो तो किसान और वीर जवान हैं।
ये ड्रग्स लेने वाले समाज के लिए शैतान हैं।
इनको कोई डिप्रेशन का रोग नहीं मधुर,
फैशन के पैसों में बिकता इनका ईमान है।3।
कभी देखना है तो किसान के खेत खलिहान को देखो।
गरीब के दर्द,बेरोजगार के ठोकर मिलते जान को देखो।
जिनको पैसों का रोग लगा हो,उसके डिप्रेशन का क्या,
वो तो नशे में धुत्त हैं मधुर,बिकते उनके ईमान को देखो।4।

**सुन्दर लाल डडसेना मधुर**
**ग्राम-बाराडोली (बालसमुंद),पो.-पाटसेन्द्री**

## माँ तुझे प्रणाम



जग जननी दुःख हरणी,
धात्री गोद नहीं आराम।
पुन्य पावन सरस मन,
माँ तुझे प्रणाम।।
गोद लिये प्रफुल्लित उर,
धरा के जन करते सलाम।
आँचल ओढ़ क्षीर पान,
माँ तुझे प्रणाम।।
देख भाल कर वात्सल भाव,
मन मोहक ब्यंजन बदाम।
पल-पल सुत स्नेह मुख,
माँ तुझे प्रणाम।।
रग-रग में याद हमे,
अम्बिका बिन कुछ नकाम।
श्रेष्ठ पद आपकी,
माँ तुझे प्रणाम।।
जगत में स्मरण वंदन,
हम भी करते सुबह -शाम।
दोनों कर जोड नतमस्तक से,
माँ तुझे प्रणाम।।

**स्वरचित - कविता**
**देबीदीन चन्द्वँशी**
**ग्राम - बेलगवाँ**
**तह0 पुष्पराजगढ़**
**जिला-अनूपपुर**

## चीमन का बाजार दर्शन

बाजार के दर्शन की इच्छा उसी को रखनी चाहिए जिसके पास क्रय शक्ति और आवश्यकता में तालमेल बनाए रखने का सामर्थ्य हो वरना बाजार में अर्थशास्त्र का शैतान चमक-दमक के साथ विराजमान है जो आपको लूटना चाहता है। बाजार का दर्शन करने और अर्थशास्त्र रूपी मायावीशास्त्र से लड़ने में सक्षम है चीमनलाल जी ये है चीमनलाल भार्गव। रघुनाथगढ़ में 1975 से यानी 45 वर्षों से गाँव में सब्जी की पूर्ति कर रहे हैं। इन्होंने अर्थशास्त्र कि माँग-पूर्ति का सिद्धांत नहीं पढ़ा न ही कीमत निर्धारण में साम्य की अवस्था के बारे में पता। हाँ ! रोज कितनी सब्जी खरीदते है गाँव वाले,इसकी पूरी जानकारी है। 4 बजे उठकर स्नान-ध्यान,पूजा-पाठ करके उदयपुरवाटी सब्जी मंडी पहुँच जाते है। 9 बजे ताजा सब्जी गाँव कई सेवा में हाजिर। सब्जी से घर-परिवार का गुजारा करते आ रहे है। खुद की दुकान है नहीं, एक सेठ की बनाई धार्मिक प्याऊ है गाँव के मुख्य चौक में। बड़ की छांव तले बोरी-टाट की छत डाल कर गुजारा करते-करते इतने वर्ष बीत गए परन्तु लोग इनकी सुध नहीं लेते। हाँ इन्हें हर किसी की भूख का अहसास है। घर में 16 सदस्य है। सामाजिक पारिवारिक जिम्मेदारी भी बखूबी निभाते है। व्यवहार कुशल और उदारवृत्ति के हैं। प्रेम से हर कोई चीमन काका कहता है और बड़े मिजाज वाले व्यंग्य से चीमन सेठ कहते हैं। सबका हँसकर स्वागत करते हैं। अर्थशास्त्र भले ही न पढ़े पर अर्थशास्त्र चुपचाप इनके पास अपने सिद्धांत की खोज करने आ ही जाता है। उत्पादन में आई लागतें, स्थिर लागतें, उत्पादन बढ़ने पर परिवर्तनशील लागत में कमी का आना इन सब के बारे में नहीं जानते पर प्रयोग नित्य करते हैं। ऋतु के अनुसार मांग में परिवर्तन आ जाता है कभी मांग बढ़ती हैं तो कभी कम हो जाती है। वर्षा काल में जब खेतों में ग्वार की फली,मोठ फली, काचरा-मतीरा यह चालू हो जाते हैं तो मांग में कमी आती है। सब्जी की आवक मंडी में कम हो जाती है इसलिए उपलब्ध सब्जियों के मूल्य बढ़ जाते है। कभी-कभी अर्थशास्त्र से ये उलझ बैठते है। ग्राहकों का मनोविज्ञान भी खूब समझते है। ज्यादा लाभ कमाने के लिए भाव न बढ़ाकर ज्यादा बेचने के चक्कर में भाव कम रखते हैं। ग्राहक तो देवता है! देवता सब कुछ समझते है! चीमन जी सोचते हैं वस्तु सस्ती होगी तो ज्यादा बिकेगी लाभ उतना ही



होगा जितना भाव बढ़ा कर कम वस्तु बेचने से ताकि लाभ भी मिले गरीब का पेट भी पल जाये। यहीं से अर्थशास्त्र का छल-कपट शुरू हो जाता है। अर्थशास्त्र का मांग-पूर्ति का सिद्धांत चीमनलाल जी पर तो लागू हो जाता है पर बाजार के दो मुख्य किरदार जो बाजार को बाजार बनाते हैं वह क्रेता और विक्रेता। इसमें क्रेता को चीमनलाल जी का अर्थशास्त्र समझ में नहीं आता। ग्राहक तो भगवान है और भगवान को क्या चाहिए श्रद्धा-भक्ति चीमन जी सोचते है जो एक पाव वस्तु लेता है वो आज एक किलो लेगा और जो एक किलो लेता है वो दो-अढाई किलो लेगा। पर होता विपरीत है। जो ग्राहक पाव लेता था वो आज भी पाव लेता है और किलो लेने वाला आता ही नहीं या एक-आध किलो पर पूर्णविराम लग जाता है। बाजार आशंकाओं से घिरा होता है क्योंकि उपभोक्ता का मनोविज्ञान मनोविज्ञान की समझ के बाहर रहता है।

**परिचय - ज्ञानीचोर**
**शोधार्थी व कवि साहित्यकार**
**मु.पो. रघुनाथगढ़ सीकर राजस्थान**

# प्रसिद्ध व्यक्ति की समाज के प्रति ज़िम्मेदारीयां



इंसान की फ़ितरत है समाज में हो रही गतिविधियों को कुरेदकर ताज़ा ही रखने की। खासकर फ़िल्म इन्डस्ट्री और क्रिकेट जगत से जुड़ी हर कड़ी से आम इंसान शिद्दत से जुड़ा है। कुछ समय से सुशांत सिंह राजपूत की मौत ने समाज के हर वर्ग को और समस्त फ़िल्म इन्डस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। हर कोई अंदाज़ा लगाते अपने तर्क लगा रहे है स्यूसाइड या मर्डर। अभी तक सीबीआई के हाथ भी कुछ सबूत नहीं लगे है। पर सब लोग टकटकी लगाए बैठे है की सुशांत की मौत के पीछे राज़ क्या है। दुनिया में एसे असंख्य हादसे होते है पर अपने चहिते एक्टर या क्रिकेटर को लेकर लोग कितने भावुक होते है ये बात ये हीरो लोग जो भगवान बने बैठे है ये खुद नहीं समझते। कंगना रनौत की जुंबिश, रिया चक्रवर्ती के ड्रग कनेक्शन और एन सी बी के ड्रग माफिया तक पहुँचते आगे पता नहीं कितने लोगों के पैरों तले से ज़मीन खिसकेगी। जिनको समाज का एक वर्ग अपना आदर्श समझते है वो सितारे समाज के प्रति कितने गैरजिम्मेदार होते है। कुछ समय पहले क्रिकेट जगत में भी एसा ही बवंडर उठा था कई लोगों के सामने ऊँगली उठी पर क्या हुआ। हमारे देश में क्रिकेटर और हिरो लोगों को भगवान की तरह पूजने वालों की कमी नहीं उनकी बात आते ही दोस्त दोस्त से लड़ जाता है। ये कैसी सोच है लोगों की ? क्या लगते है ये आपके की उनकी वजह से अपनों से रिश्ता खराब कर लेते हो। आजकल की पीढ़ी के पास अपना रोल मोडल नहीं है। कोई देश भक्त, कोई शहीद, कोई लेखक या कोई नेता जिनकी संघर्षमय और शानदार ज़िंदगी से इन्स्पायर होते आगे बढ़ सके। तो बस फ़िल्मी हीरो या क्रिकेटरों को अपना आइडियल समझ लेते है। या तो फिर फेसबुक या इन्स्टा पर कोई कारनामा करता है तो वो महान बन जाता है। हीरो या क्रिकेटर अपनी एशो आराम सभर ज़िंदगी में मस्त होते है। उनकी हाईफाई लाइफ़ और बेबाक बयानों का असर उनके चाहने वालों पर क्या पड़ेगा वो ये नहीं सोचते। लोग उन्हें भगवान की तरह पूजते है और उन्हें स्टार के बिरूद से नवाजकर सर आँखों पर बिठाते है। सिर्फ़ इसलिए कि उनके पास पैसा ग्लैमर और सफ़लता की चकाचौंध है। सच तो ये है की इतना सब होने के बावजूद उनके जीवन में ना ठहराव है ना शांति है। एशो आराम या अवसाद के चलते वो लोग ड्रग जैसी नशीली और जानलेवा चीज़ों के आदी होते जा रहे है। समाज के प्रति भी उनकी कुछ ज़िम्मेदारीयां होती है ये बात भूल जाते है। ये नहीं सोचते की उनकी हर छोटी बड़ी हरकत से लेकर उनका बोलना तक उनके चाहकों के मानस पर असर करता है। सफ़लता के साथ समझदारी और ज़िम्मेदारी भी जरूरी है। खुद को अगर समाज में आदर्श स्थापित करना है तो आचार-विचार और वर्तन में सहजता और शालीनता अनिवार्य है।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)सभावु**

# चीन की विस्तारवादी नीति धकेल रही है संसार को युद्ध की ओर

चीन एक बहुत ही महत्त्वाकांक्षी देश है जिसकी सत्ता लोलुपता से अनेक देश परेशान हैं। ऐसा नहीं है कि चीन का केवल भारत के साथ विवाद है बल्कि दुनिया के तेईस देशों के साथ उसका विवाद चल रहा है जबकि उसकी सीमा से सिर्फ चौदह देश ही लगते हैं। चीन पूरे दक्षिण कोरिया को अपना हिस्सा मानता है, अपने पड़ोसी देश सिंगापुर को भी वह दक्षिण-चीन सागर में आंखें दिखाता रहता है। ताइवान से तो उसकी झड़प होती ही रहती है,वह ताइवान गणराज्य को अपना हिस्सा बताता है जबकि ताइवान इसका हमेशा विरोध करता आ रहा है, इसके अलावा वियतनाम से तो सीमा विवाद पर उसका युद्ध भी हो चुका है। चीन का कहना है कि सन 1368-1644 के बीच वियतनाम पर चीन के मिंग राजवंश का शासन रहा है अतः वियतनाम चीन का ही हिस्सा है। हाल ही में नेपाल की ओली सरकार को अपनी मित्रता के जाल में फंसाकर चीन नेपाल के क?ई हिस्सों पर कब्जा करने की फिराक में है, नेपाल में क?ई जगह उसने अपने सैनिक अड्डे बना लिए हैं ,उसके इस षड्यंत्र के विरुद्ध नेपाल की जनता सड़कों पर उतर आई है और ÷चीन वापस आओ÷ के नारे लगा रही है। रूस से भी चीन का विवाद जारी है, चीन का दावा है कि रूस से लगी 160,000 वर्ग फिट जमीन पर उसका हिस्सा है, दोनों देशों के बीच कई समझौते हो चुके हैं किंतु अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला। चीन एक शातिर और कुटिल देश है, कमजोर राष्ट्रों को आर्थिक मदद देकर कर्ज के बोझ से दबा कर उनकी जमीन हड़प कर अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है,इसी क्रम में वह भूटान और तजाकिस्तान पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। उसने भूटान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई बंकर बना रखे हैं, पाकिस्तान को भी आर्थिक मदद एवं आधुनिक हथियार देकर मित्रता की आड़ में बहुत से हिस्से पर कब्जा कर लिया है और वहां पर वह



इकोनॉमिक कॉरिडोर बना रहा है। अब बात करें भारत और चीन की तो इन दोनों देशों का सीमा विवाद बहुत लंबे समय से चल रहा है। वर्तमान में चीन भारत को अपने प्रतिद्वंदी के रूप में देख रहा है। इसके पूर्व भी 1962 में चीन से भारत का युद्ध हो चुका है, जिसके तहत उसने भारत के 38000 वर्ग किलोमीटर हिस्से पर कब्जा कर रखा है। 2017 में भी डोकलाम में चीन द्वारा सड़क निर्माण को लेकर दोनों सेनाएं आमने-सामने आ चुकी हैं। वर्तमान में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर है, गल्वन घाटी में जो कुछ हुआ उसने चीन का असली चेहरा संसार के सामने ला दिया है। धोखेबाज चीन की इस विस्तार वादी नीति और आक्रामक रवैया को देखते हुए बहुत से देश चीन के विरुद्ध खड़े हुए हैं, इसकी एक वजह चीन के बुहान शहर में जन्मी महामारी करोना भी है जिसे पूरा संसार चीन की सोची समझी चाल समझ रहा है। आज पूरा संसार करोना त्रासदी को झेल रहा है और चीन अपनी विस्तार वादी नीति का कुटिल खेल,, खेल रहा है।

**रश्मि मिश्रा**
**भोपाल (मध्यप्रदेश)**

# सामाजिक पुनर्जागरण के पुरोधा : ईश्वर चंद्र विद्यासागर

भारतीय पुनर्जागरण के आधार स्तंभों में से एक स्तंभ थे ईश्वर चंद्र विद्यासागर। वे 19 वी सदी के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद तथा प्रसिद्ध साहित्यकार थे।÷अपने हीत से पहले समाज और देश के हीत को देखना एक विवेक युक्त सच्चे नागरिक का धर्म होता है ÷यही विचार उनके आदर्श थे। उनके चिंतन के केंद्र में शिक्षा एंव स्त्रियों की दशा मौजूद थे। वे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के



अवाज थे। वे महान सामाजिक एंव धार्मिक सुधार आंदोलन के अग्रदूत राजा राम मोहन राय तथा दयानन्द सरस्वती के समकालीन थे।

**जीवन परिचय**

ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में 26 सितम्बर 1820 में वीरसिंह गाँव, मेदनीपुर (पश्चिम बंगाल ) में हुआ था। उनकी माता भगवती देवी, पिता ठाकुरदास बांधोपाध्याय, पत्नी दिनामनी देवी तथा एक मात्र पुत्र नारायण चंद्र बांधोपाध्यक्ष था। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा अपने गाँव से पुरी कर 9 वर्ष की आयु में अपने पिता के साथ उच्च शिक्षा के लिए कोलकाता आया था। वे इतने मेधावी थे की कोलकाता जाने के क्रम में माईल स्टोन देख कर अंग्रेजी अंक सिख लिए थे। गरीबी के कारण वे अपनी पढ़ाई स्ट्रीट लाइट के नीचे बैठकर किया करते थे। संस्कृत भाषा एंव दर्शन में ज्ञानी होने के कारण उन्हें उनके विद्यार्थी जीवन में ही संस्कृत कॉलेज ने विद्यासागर की उपाधि प्रदान की थी। 1839 में उन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी की। 1841 में 21 साल की उम्र में ही फ़ोर्ट विलीयम कॉलेज में संस्कृत विभाग के प्रमुख बने। 1891में 71 वर्ष की आयु में विद्यासागर के निधन पर रविन्द्र नाथ टैगोर ने लिखा था -यह आश्चर्य करने वाली बात है कि भगवान ने चार करोड़ बंगाली बनाई लेकिन इंसान एक ही बनाया।

**समाज सुधारक-** समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध ईश्वर चंद्र विद्यासागर हमेशा लड़े। समाज हमेशा से ही क्रन्तिकारी तथा पुनर्जागरण के विचारों को धीरे धीरे स्वीकार करता है। उस समय समाज में बाल विवाह, बहु पत्नी प्रथा, सती प्रथा, विधवा विवाह पर रोक आदि सामाजिक कुरीतियाँ व्याप्त थी। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ विद्यासागर ने सन 1854 में तत्वबोधनी पत्रिका में लिखना प्रारम्भ किया तथा विधवा पुनर्विवाह के लिए अभियान चलाया। समाज में स्त्रियों कि स्थिति सुधारने में राजा राम मोहन राय ने विधवाओं की सती प्रथा पर रोक लगवाई तो वही विद्यासागर ने शास्त्रीय प्रमाणों से विधवा विवाह को वैध प्रमाणित किया। अपनी पुस्तक ÷विडो रिमेरीज÷ में उन्होंने विधवा विवाह सम्बन्धी विचारों को रखा।अपने एक मात्र पुत्र का विवाह विधवा से कराकर समाज में शानदार उदाहरण पेश किये।उन्हीं के प्रयासों से ही 1856 में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम तथा 1860 में ऐज ऑफ़ कॉसेंट क़ानून पारित हो सका। इस कानून के तहत 10 साल से कम आयु की पत्नी के साथ यौन सम्बन्ध अपराध घोषित किया गया। वे कहा करते थे कि जिस देश में बाल विवाह प्रथा जारी है वहाँ की संतान कभी वीर तथा पराक्रमी नहीं होंगी। वे जन-हितैषी तथा करुणा के सागर भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज हीत में समर्पण कर



दिया। वे सामाजिक मुद्दों तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े हुये थे। वे सामाजिक पुनर्जागरण के पुरोधाओ में से एक थे।

**शिक्षाविद एंव साहित्यकार**-ईश्वर चंद्र विद्यासागर महान शिक्षाविद तथा प्रसिद्ध साहित्यकार थे। वे नारी शिक्षा के पक्षधर थे। 1849 में बैथ्यून के सहयोग से कन्या विद्यालय की स्थापना की। कोलकाता विश्वविद्यालय से पहली स्नातक चंद्रमुखी बासु बैथ्यून कॉलेज की ही छात्रा थी। 1849 में जब वे साहित्य के प्रोफेसर के तौर पर संस्कृत कॉलेज से जुड़े तो उन्होंने वहां आधुनिक पश्चिमी विचारों का अध्ययन शुरू करवाया। वे नैतिक मूल्यों के संरक्षक थे। उनका मानना था कि अंग्रेजी और संस्कृत ज्ञान का समन्वय करके भारतीय तथा पश्चात् परम्परा के सर्वश्रेष्ठ को हासिल किया जा सकता है। 1855 में जब वे स्कूल निरीक्षक बने थे तो उन्होंने बहुत सारे बालिका विद्यालय बनवाये । संथाल आदिवासियों के लिए उन्होंने झारखण्ड में पहला बालिका विद्यालय की स्थापना भी किये । आधुनिक बंगाली भाषा का जनक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को ही माना जाता है। उन्होंने बांग्ला भाषा के गध को सरल तथा आधुनिक बनाया।उन्होंने बांग्ला लिपि के वर्णमाला को सरल और तर्कसंगत बनाया। बंगाली भाषा के वर्णो को 12 स्वर तथा 40 व्यंजनों में बाट दिये। अपने पुस्तकों के बिक्री से जो फण्ड आता था उस फण्ड को वे बच्चों की शिक्षा पर लगाते थे। शिक्षा की समाज केंद्रीयता तथा व्यक्तित्व की समाज केंद्रीयता का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। वे खुद में ही एक साहित्य थे। उन्होंने साहित्य को काफ़ी समृद्ध किया। सन 1847 में बच्चों के लिए 25 कहानियों का संग्रह बेताल पंचबिशांति, 1848 में बंगालार इतिहास, 1849 में जीवन चरित्र,1854 में वर्णोपोरीचय तथा कालिदास के अभिज्ञान शाकुंतलम पर शकुंतला, 1855 में सामाजिक कुरीतियों पर बिधोविवाह, 1860 में भवभूति के उत्तर रामचरित और वाल्मीकि रामायण के उत्तराकाण्ड पर आधारित ÷सितार वनवास, 1869 में शेक्सपियर के कॉमेडी ऑफ़ एरर पर भ्रान्ति विलास, 1871 में बहुविवाह पर बहू विवाह÷, बाल विवाह की कमियों पर ÷बाल विवाह÷, 1884 में ÷ब्रज विलास, 1886 में रत्नोपरीक्षा आदि कृतियों को रचकर उन्होंने साहित्य को काफ़ी समृद्ध किया।

**श्रवण कुमार पंडित**
**टेढ़ागाछ, किशनगंज (बिहार)**

## आंगन



बड़ा प्यारा है यह आंगन खेले
इसमें सपनों के राज
कुछ यादें जो धूमिल हो गई।
कुछ बातें जो बनती थी आंगन रूपी घर में वह घुटनों के निशान शायद बाकी है।
अनवरत चलती है यह प्रक्रिया
बस देह बदल जाती है।
आंगन द्वार चौबारे परिपूर्ण है यादों की तरंग से,
निज जनों और वृद्धों के आशीर्वाद की छाया झलकती है।
कैसी हो गई है चिंताओं से युक्त यह जिंदगी,
आज भी बचपन के उस आंगन में जाने के लिए तरसती है।
आंगन के सुनहरे पल महलों की मस्ती पर भारी है।
वह आंगन का प्यार बड़ा निराला था
अब भौतिकता की बीमारी है।
मां की लकुटी के भय से अविलंब दौड़ते वह आंगन के पल।
रूह को अब भी जलाते हैं।
वह आंगन के चूल्हे की पवित्र राख,
बीमारी की दवा बन जाती थी।
ईर्ष्या द्वेष छल कपट की भावना से परे,
अंतर्मन में एक प्यार की छवि बन जाती थी।
आंगन में अपनों के प्यार की बड़ी याद आती है।
यह जिंदगी है साहब लौट के वापस कहां आती है।

**संजय सिंह मीणा**
**फकीरपुरा,करौली राजस्थान**

## तू अटल मार्ग पर चलता चल



तू अटल मार्ग पर चलता चल
तू अकथ कहानी कहता चल
चाहे जितने कंटक आएं
चाहे जितनी बाधाएं हों
हो ऊंचे पर्वत पर चढ़ना
या टेढ़ी-मेढ़ी राहें हों
ये कदम तेरे न रुकें कभी
बस हर पल यूं ही चलता चल
तू अटल मार्ग पर चलता चल
तू अकथ कहानी कहता चल
तेरे अदम्य साहस से जब
बाधाएं ये टकराएंगी
तेरा अनिष्ट न कुछ होगा
ये चूर-चूर हो जाएंगी
तू बस आगे को बढ़ता चल
तू अटल मार्ग पर चलता चल
तू अकथ कहानी कहता चल
उत्साह तेरा निर्बल न हो
संकल्प सदा तू दृढ़ रखना
जब तक न तुझको लक्ष्य मिले
मन को अपने सुदृढ़ रखना
तू लक्ष्य पे दृष्टि रखता चल
तू अटल मार्ग पर चलता चल
तू अकथ कहानी कहता चल।।

**रंजना मिश्रा**
**कानपुर, उत्तर प्रदेश**

## सुगंध



कर्म ऐसे करो जिनसे सुगंध ही सुगन्ध आये,
मीठी मीठी वाणी से प्रशंसा पाये।
दान ऐसा करो कि खुद भी समझ न पाओ,
नजरे ना मिलाओ उससे की दिल मे तुम्हारे अभिमान आये।
सदैव प्यार और सम्मान के ही पुष्प बांटो,
नफरत की कभी तुममे बीज न आये।
दोष न देना तुम किसी को क्योकि,
तुम्हारे कर्म ही तुम्हारे काम आये।
अपनी विनम्रता का रस ऐसा घोलो की ,
हर तरफ मिठास ही मिठास आये।
कर्म ऐसे हो कि धर्म को झुकना पड़ जाये,
तेरे सत्कर्म की सुगंध रब तक जाये।
खूबसूरती कितनी ही क्यों न हो
सबसे अदब से पेश आओ,
झलके संस्कार तुम्हारे चरित्र से,
फिर तुम्हारे चरित्र से सुगन्ध आये।

**प्रियंका पवन खंताल (बावली)**
**झांसी उप्र**

## माँ



माँ कैसे व्यक्त करूं तुम्हें शब्दों में ।
ईश्वर सी मूरत तुम मेरे हृदय में ।
अंश हूँ मैं तुम्हारा ,
कृतज्ञ हूँ मैं तेरी इस जीवन में ।
कोख में अपनी संजोकर ।
विपदाओं को तमने सहकर ।
सृजन किया है तुमने मेरा,
इस पृथ्वी पर ही रहकर ।
जीवन की मेरी प्रथम गुरु हो ।
तुम्हीं संस्कारों की पाठशाला हो ।
बोध कराती तुम ज्ञान का,
तुम्हीं अच्छे-बुरे का भेद बताती हो ।
ममतामयी, करुणामयी रुप तुम्हारा ।
लगता है मुझको सदैव ही प्यारा ।
खुद पीड़ा में रहकर भी,
देती हो हरदम मुझे सहारा ।
तेरी आंचल की छांव में मैं ।
सुकून सारा पा जाती मैं ।
जन्नत का अनुभव हो जाता ,
जब तेरी गोद में सर रख देती हूँ मैं ।
तुम्हीं मेरे दिये की आलोकिक ज्योति हो ।
तुम ही पुंज प्रकाश हो ।
तेरे आशीर्वाद की छाया में ही ,
मेरा पूर्ण ब्रह्माण व्याप्त है ।

**रश्मि वत्स, मेरठ (उत्तर प्रदेश)**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# अमिताभ बच्चन की 'झुंड' अब नहीं हो सकेगी रिलीज

अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'झुंड' की रिलीज पर तेलंगाना हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट के आदेश के बाद इस फिल्म को देश-विदेश या किसी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं किया जा सकेगा। ये पूरा मामला कॉपीराइट का है। हैदराबाद के रहने वाले फिल्ममेकर नंदी चिन्नी कुमार ने इस फिल्म के एक्सक्लूसिव राइट खुद के पास होने के बात कही थी। नंदी कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ये फैसला लिया है।




याचिकाकर्ता नंदी चिन्नी कुमार का आरोप था कि उन्होंने केवल डॉक्यूमेंट्री बनाने के लिए ही इसके राइट्स अखिलेश पॉल को बेचे थे, जबकि इस मामले पर अब पूरी फिल्म बना दी गई है। उन्होंने ये बात मानी कि झुंड के मेकर्स ने उन्हें फोन कर इस बात की जानकारी दी थी कि अखिलेश से ही उन्होंने फिल्म के राइट्स खरीदे हैं, लेकिन कोई लिखित डॉक्यूमेंट उन्होंने नहीं दिखाया था। झुंड में अमिताभ बच्चन विजय बर्से की भूमिका में होंगे जो झुग्गी में रहने वाले बच्चों को फुटबॉल सिखाता है। विजय बर्से, 'सॉकर स्लम' नाम की एनजीओ फाउंडर हैं। विजय झुग्गी में रहने वाले बच्चों को फुटबॉल सिखाते थे ताकि ये बच्चे बुरी आदतों से दूर रहें। इस फिल्म में 'सैराट' फिल्म की सुपरहिट जोड़ी रिंकू राजगुरु और आकाश ठोसर भी नजर आएंगे। 'झुंड' का निर्देशन नागराज मंजुले कर रहे हैं और इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, राज हीरेमथ, सविता राज और निर्देशक नागराज मिलकर कर रहे हैं। लॉकडाउन से पहले ये फिल्म 8 मई को रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इस फिल्म की रिलीज पर रोक लग गई हैं।



नवंबर से शुरू हो सकती है फिल्म की शूटिंग, स्पेन में शूट होगा पहला शेड्यूल

# लव रंजन की अगली फिल्म में बनेगी श्रद्धा और रणबीर की जोड़ी

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। बॉलीवुड डायरेक्टर लव रंजन ने अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाया है। जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। लव रंजन नवंबर से फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इसके लिए पूरी टीम ने कमर कसना शुरू कर दिया है।

बताया जा रहा है कि पहले लव रंजन फिल्म की शूटिंग इसी साल के बीच में शुरू करने जा रहे थे, लेकिन कोरोना और लॉकडाउन के चलते ऐसा नहीं हो सका। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर और श्रद्धा कपूर नवंबर से फिल्म की शूटिंग के लिए तैयार हैं। कोरोना वायरस के चलते तमाम सुरक्षा नियमों का ध्यान रखते हुए फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा किया जायेगा। लव रंजन साल 2021 तक फिल्म की शूटिंग खत्म करना चाहते हैं, ऐसे में इस बात को ध्यान में रखते हुए शूटिंग का शेड्यूल तय किया जाएगा। मेकर्स भी इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि कैसे फिल्म की शूटिंग समय पर पूरी की जा सके। फिल्म का पहला शेड्यूल स्पेन में शूट किया जाएगा। हालांकि, फिल्म के नाम की घोषणा अभी तक नहीं की गई है। ये पहली बार होगा, जब किसी फिल्म में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी बनेगी। गौरतलब है कि इससे पहले लव रंजन 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी फिल्में प्रोड्यूस कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण नजर आने वाली थीं, लेकिन इसके बाद किन्हीं कारणों से श्रद्धा कपूर ने दीपिका को रिप्लेस कर लिया।



मलाइका अरोड़ा



कोरोना को मात देकर कमरे से निकलीं मलाइका अरोड़ा बोलीं-

# सैर करने जैसा लग रहा है

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा कोरोना वायरस से ग्रस्त हो गई थीं। वायरस से ग्रस्त होने के बाद से वे होम क्वारंटीन में थीं। मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट करके बताया था कि उन्हें कोरोना वायरस के हल्के लक्षण हैं। अरोड़ा अब कोरोना वायरस को मात दे चुकी हैं। स्वस्थ होने के बाद मलाइका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक इमेज शेयर की है। इस इमेज के साथ उन्होंने एक बड़ी सी पोस्ट लिखी है।

इमेज में दिख रहा है कि एक्ट्रेस मुंह पर मास्क लगाए हुए हैं और हाथ में कॉफी मग लिए हुए हैं। इमेज के साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा है, बाहर और उसके बारे में। मैं आखिर अपने कमरे से कई दिनों के बाद बाहर आ ही गई। यह अपने आप में सैर करने जैसा लग रहा है। दरअसल कई दिनों तक अपने कमरे में रहने बाद बाहर निकलीं मलाइका अरोड़ा ने राहत की सांस ली है। उन्होंने इस बात की खुशी अपने पोस्ट के माध्यम से जाहिर की है। उन्होंने आगे लिखा है, मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं कि इस वायरस से कम से कम दर्द और परेशानी से उबर चुकी हूं। मैं मेडिकल गाइडेंस के लिए अपने डॉक्टर्स, प्रोसेस को प्रॉब्लमलेस बनाने के लिए बीएमसी और अपने परिवार को उनके भरपूर सपोर्ट के लिए सबका धन्यवाद। इस बुरे समय में आप सभी ने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, उसका मैं आप सभी लोगों को मैं शब्दों में धन्यवाद नहीं दे पाऊंगी। आप सभी कृपया सुरक्षित रहें और अपना ख्याल रखें। मलाइका के इस पोस्ट फैंस ने जबर्दस्त प्रतिक्रियाएं दी हैं।

# अभिनेताओं से वो सवाल न करें जो उनसे संबंधित नहीं हैं: मनोज



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी का कहना है कि बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से आजकल हर चीज के बारे में राय मांगी जाती है, चाहे वह उनसे संबंधित हो या न हो। बाजपेयी ने कहा, हम अभिनेता हैं और आप हमसे ऐसी चीजों के बारे में राय मांगते हैं, जिनके बारे में हम ज्यादा नहीं जानते हैं। आप अर्थव्यवस्था के बारे में पूछते हैं, भारत-चीन सीमा के तनाव के बारे में पूछते हैं या और भी बहुत कुछ। ऐसे में हम इन सभी सवालों के संतुष्टीदायक जबाव कैसे दे सकते हैं?

मनोज ने आगे कहा, हर मुद्दे पर बाइट देने के लिए बोलना उसे प्रताड़ित करना ठीक नहीं है। उन्हें एक्टर ही रहने दें और अपना काम करने दें। यदि वे कुछ गलत या अवैध करें तो जरूर उनकी खिंचाई करें, लेकिन ऐसा कुछ न पूछें जो उनसे संबंधित ही न हो। मशहूर अभिनेता के तौर पर वे चीजों को कैसे डील करते हैं, इस पर उन्होंने कहा, मैं ग्लैमर और फैन फॉलोइंग के बारे में बहुत परवाह नहीं करता हूं। मैं अपना काम करता हूं और घर चला जाता हूं। मैं ग्रॉसरी लेने, सब्जी लेने जाता हूं क्योंकि मैं वाकई किसी चीज की परवाह नहीं करता हूं। सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर उन्होंने कहा, अगर मैं कुछ पोस्ट कर रहा हूं, तो साफ तौर पर मैं व्यावसायिक कारणों से पोस्ट कर रहा हूं और कभी-कभी बहुत ही व्यक्तिगत कारणों से पोस्ट करता हूं। वरना इंस्टाग्राम, ट्विटर या फेसबुक का उपयोग करना मानसिक या भावनात्मक मजबूरी बिल्कुल भी नहीं है।



# मनाली की हसीन वादियों में जॉगिंग करती नजर आई बॉलीवुड 'क्वीन'



बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत इन दिनों काफी चर्चा में है और सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। कंगना ट्विटर पर हर मुद्दे पर अपनी राय बेबाकी से रख रही हैं। लेकिन इस बार कंगना ने इन सब से हटकर एक अलग पोस्ट शेयर की है। कंगना ने ट्विटर पर अपनी एक खूबसूरत तस्वीर फैंस के साथ साझा की है। इस तस्वीर में कंगना अपने होम टाउन मनाली की खूबसूरत वादियों के बीच पार्क में जॉगिंग करती नजर आ रही हैं। इस दौरान कंगना ब्लैक कलर के ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। साथ ही कंगना पूरी तरह से वर्कआउट मूड में दिख रही हैं।

इस दौरान कंगना के साथ एक और लड़की नजर आ रही हैं। इस तस्वीर को ट्विटर पर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा- 'गुड मॉर्निंग!' सोशल मीडिया पर कंगना की इस तस्वीर को काफी पसंद किया जा रहा है। कंगना रनौत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही लगातार चर्चा में बनी हुई है। वह इन दिनों अपने परिवार के साथ मनाली में हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कंगना रनौत आखिरी बार अश्विनी अय्यर तिवारी की फिल्म 'पंगा' में नजर आई थी। फिल्म 'पंगा' इसी साल जनवरी में रिलीज हुई थी। कंगना रनौत जल्द ही फिल्म 'थलाइवी में नजर आएंगी। यह फिल्म तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता की बायोपिक है। इसके अलावा कंगना फिल्म 'तेजस और 'धाकड़ में दिखाई देगी।



# अब के 6 के बजाए 8 महीने झेलनी पड़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** दिल्ली को हर साल छह महीने की बजाय आठ महीने 32 डिग्री का तापमान झेलना पड़ेगा। विश्व आर्थिक मंच ने एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण वर्ष 2100 से यह बदलाव देखने को मिल सकता है। अर्थ टाइम विजुअलाइजेशन रिपोर्ट के अनुसार, भारत समेत पूरे दक्षिण एशिया में लंबे समय तक गर्मी का कहर झेलना पड़ सकता है। अमेरिका में भी ऐसे ही हालात होंगे। पेट्रोल-डीजल के उपभोग में कमी के साथ कार्बन उत्सर्जन में कटौती के जरिये ही ऐसे भयावह नतीजों को टाला जा सकता है। इसके लिए सरकारों, कारोबारी जगत और नागरिक समूहों को साथ मिलकर प्रयास करने होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है अमेरिका में जंगलों की आग और तूफान की घटनाएं तेजी से बढ़ेंगी। वैश्विक संगठन ने कहा है कि औद्योगिकीकरण की मौजूदा पद्धतियों को बदलकर, कार्बन डाई ऑक्साइड का स्तर वायुमंडल में घटाकर और बड़े पैमाने पर पौधरोपण के जरिये हालात बदले जा सकते हैं। परिवहन और ऊर्जा उपभोग के मौजूदा तौर तरीके भी बदलने होंगे।

**जुलाई-अगस्त का तापमान 38 डिग्री पहुंचेगा**-रिपो्ट के अनुसार, सदी के अंत में दुनिया के कई हिस्सों में जुलाई-अगस्त के बीच तापमान औसतन 38 डिग्री तक रहेगा। अमेरिका के एरिजोना, फोनिक्स क्षेत्र में भी साल के 200 दिन तापमान 32 डिग्री तक रहेगा। जबकि ठंडे इलाकों वाले यूरोप में भी तापमान 30 डिग्री तक होगा।

# श्रुति मोदी और सिमोन खंबाटा से एनसीबी दफ्तर में पूछताछ जारी, रकुल नहीं आईं

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स एंगल का जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को एक के बाद एक नए सुराग मिलते जा रहे हैं। एनसीबी जांच में ऐसे-ऐसे नाम सामने आ रहे हैं, जो हैरान करने वाले हैं। इस बीच बॉलीवुड में ड्रग्स के कथित गठजोड़ की जांच कर रही एनसीबी ने एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह समेत 7 लोगों को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। इन सभी को अलग-अलग दिन पर एनसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। आज यानी गुरुवार को एनसीबी ने अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह, सुशांत सिंह राजपूत की टैलेंट मैनेजर श्रुति मोदी और डिजाइनर सिमोन खंबाटा को बुलाया है।

एनसीबी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दीपिका पादुकोण को शुक्रवार को बुलाया गया है। बता दें कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में ड्रग्स एंगल को लेकर एनसीबी की जांच के दौरान बॉलीवुड में ड्रग्स (मादक पदार्थ) का एक गठजोड़ सामने आया है। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी ने अपनी जांच को बढ़ाते हुए इन ए-सूची की हस्तियों को जांच में शामिल होने को कहा है। उन्होंने कहा



कि मामले में कुछ लोगों से पूछताछ के दौरान इन लोगों के नाम सामने आये है। अधिकारी ने बताया कि दीपिका पादुकोण को अपना बयान दर्ज कराने के लिए 25 सितम्बर को बुलाया गया है, सारा अली खान और श्रद्धा कपूर को 26 सितम्बर जबकि रकुल प्रीत सिंह, राजपूत की टैलेंट मैनेजर श्रुति मोदी और डिजाइनर सिमोन खंबाटा को गुरुवार को पेश होने के लिए कहा गया है। एनसीबी के अधिकारी ने बताया कि मामले में एक टैलेंट मैनेजर जया साहा ने कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएं दी हैं। इससे पहले दीपिका पादुकोण की मैनेजर करिश्मा प्रकाश को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया गया था लेकिन उन्होंने खराब स्वास्थ्य के कारण कुछ समय मांगा है और उन्हें शुक्रवार तक पेश होने से छूट दी गई है। एनसीबी सूत्रों ने बताया कि प्रकाश की व्हाट्सऐप बातचीत में एक डी के साथ ड्रग्स (मादक पदार्थों) के बारे में बातचीत शामिल है। एनसीबी कथित तौर पर ड्रग्स खरीदने और उनका इस्तेमाल करने के लिए अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। रिया पिछले 15 दिनों से मुंबई की भायखला जेल में हैं। मुंबई की एक विशेष अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 6 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। बता दें कि जून में सुशांत सिंह राजपूत के मौत के बाद ड्रग्स का एंगल सामने आया और अब इसमें बड़े-बड़े नाम फंसते नजर आ रहे हैं।

## एनसीबी ने रकुल प्रीत सिंह को कल ही भेजा समन, अब तक एक्ट्रेस ने नहीं दिया कोई जवाब

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग्स एंगल का जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, श्रद्धा कपूर, सारा अली खान और रकुल प्रीत सिंह समेत 7 लोगों को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। इन सभी को अलग-अलग दिन पर एनसीबी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। आज रकुल प्रीत सिंह को भी पूछताछ के लिए आना था, मगर अब तक वह एसनसीबी दफ्तर नहीं पहुची हैं। इस बारे में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कहा कि कल रकुल प्रीत सिंह को समन जारी किया गया था। हमने विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। दरअसल, बुधवार को ही एनसीबी ने समन जारी कर गुरुवार को अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह, सुशांत सिंह राजपूत की टैलेंट मैनेजर श्रुति मोदी और डिजाइनर सिमोन खंबाटा को बुलाया था। फिलहाल, डिजाइनर सिमोन खंबाटा एनसीबी दफ्तर में मौजूद हैं और उनसे पूछताछ जारी है।

## एयर इंडिया बैठे-बिठाए कराएगा देश का सफर

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के कारण घर तक सीमित रह गए घुमक्कड़ लोगों के लिए एयर इंडिया खास तरह का सफर लाया है। आप कहीं जाए बिना पूरा देश घूमकर आ सकते हैं और इस सफर में संक्रमण का खतरा भी बहुत कम होगा। एयर इंडिया से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि यह एयरलाइंस जल्द ही 'ज्वॉय राइड' की सुविधा देने जा रही है। आइए जानते हैं इसके बारे में ...बोइंग से उड़ान यह सफर बोइंग 747 जैसे चौड़ी बॉडी वाले विमान के जरिए कराए जाने की योजना है। हालांकि अभी अंतिम फैसला होना बाकी है।

**देश के प्रमुख स्थानों की आभासी सैर** -- एयरलाइंस के प्रवक्ता की ओर से हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया गया कि ज्वॉय राइड करने वाले यात्रियों को देश के प्रमुख स्थान व स्मारकों की आभासी सैर करायी जाएगी। वे कोविड प्रोटोकॉल अपनाते हुए विमान में बैठेंगे और विमान उन्हें आसमान में एक सीमित दूरी तक ले जाकर दोबारा उसी हवाई अड्डे पर उतार देगा। इस दौरान यात्री प्रसिद्ध स्थानों को वर्चुअल तरीके से देखेंगे। हालांकि अभी ये उड़ान शुरू होने की आधिकारिक घोषणा होना बाकी है, जिसके बाद टिकट की कीमत व उस हवाई अड्डे का पता लगेगा, जहां से ऐसी उड़ानें संचालित की जाएंगी।

कम ऊंचाई की उड़ान -- उड्डयन विशेषज्ञ मार्क मार्टिन ने बताया कि ऐसी उड़ानें कम ऊंचाई पर होती हैं जिसमें यात्रियों से भरा विमान चक्कर लगाकर वापस उसी हवाई पट्टी पर आ जाता है। ये विमान 500 से 1000 फीट ऊंचाई पर औसतन 400 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ सकती हैं। यह आकाशीय मार्ग न्यूनतम बाधा सीमा से ऊपर होता है पर अलग-अलग शहरों के लिए इस बाधा सीमा की ऊंचाई अलग-अलग तय है।



# सुशांत सिंह राजपूत से पाकिस्तानी युवक हुआ प्रभावित और उसने....

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर निवासी एक युवक ने शादी के तोहफे के रूप में पत्नी को चांद पर एक प्लॉट खरीदकर दिया। जी हां, शोएब अहमद ने चांद पर 'सी ऑफ वेपोर' यानी भाप का समुद्र नामक जगह प एक प्लॉट खरीदा है। उसे इसकी प्रेरणा बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत से मिली। उसने इसे इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से 45 डॉलर में खरीदा। सुशांत ने साल 2018 में चांद पर 'सी ऑफ मस्कोवी' नामक जगह पर एक भूखंड खरीदा था। शोएब की पत्नी मदीहा ने कहा कि जब उन्होंने शादी पर मिले इस अनोखे तोहफे के बारे में अपने दोस्तों को बताया तो उन्हें यकीन ही नहीं हुआ। पहले सबको यह मजाक लगा, लेकिन दस्तावेज दिखाने पर उन्हें विश्वास हो गया। सुशांत के अलावा शाहरुख खान और हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज सहित कई अन्य हस्तियां चांद पर प्लॉट खरीद चुकी हैं। पाकिस्तान के इस दंपति को चांद पर प्लॉट खरीदने संबंधी दस्तावेज यूएस पोस्टल सर्विस के जरिये उनके घर भेजे गए। बता दें इससे पूर्व, बिहार के बोध गया निवासी कारोबारी नीरज कुमार ने चांद पर एक एकड़ जमीन खरीदी थी। उन्होंने कहा कि चांद पर जमीन की कीमत ज्यादा नहीं है लेकिन इसे खरीदने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। उन्होंने अमेरिका की सोसायटी 'लूना सोसायटी इंटरनेशनल' से संपर्क किया था और अक्तूबर 2019 में एक एकड़ जमीन खरीदने की अर्जी लगाई थी। उस वक्त उन्होंने जमीन के लिए करीब 48 हजार रुपये चुकाए थे। ऑनलाइन दस्तावेज जमा करवाने के बाद उन्हें 4 जुलाई, 2020 को मैसेज मिला कि उनका काम हो गया है।

# कोरोना वैक्सीन: अमेरिका को कब मिलेगी उसकी पहली खुराक?

**नई दिल्ली।** जॉनसन एंड जॉनसन ने अपने कोविड -19 वैक्सीन नैदानिक परीक्षण के तीसरे चरण की घोषणा की जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि कोविड -19 वैक्सीन बनाने वाले चार कैंडिडेट्स अपने फाइनल स्टेज पर हैं। ये हैं चल रहे टेस्टिंग की स्थित-

और उसके जर्मन साझेदार द्वारा विकसित किए जा रहे वैक्सीन उम्मीदवार को दौड़ में सबसे आगे माना जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि यह टीका एफडीए की मंजूरी पाने वाला पहला टीका बन सकता है। -कंपनी ने घोषणा की है कि अक्टूबर के अंत तक यह पता चलेगा कि उनका टीका काम करता है या नहीं।

मॉडर्ना के वैक्सीन उम्मीदवार - 1273 - 30,000 लोगों वाले अपने कोरोना वैक्सीन ट्रायल को लगभग खत्म करने वाली है। यदि ये टीका प्रभावी साबित होता है तो कंपनी उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए आपातकालीन प्राधिकरण की योजना बनेगी।



-मॉडर्ना ने 2020 के अंत तक टीके की 20 मिलियन खुराक बनाने का लक्ष्य रखा है। देश में लगातार पांचवें दिन नए केस से ज्यादा मरीज हुए ठीक अमेरिका में इसके परीक्षण को फिलहाल रोक दिया गया है क्योंकि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अभी तक एस्ट्राज़ेनेका को इस परीक्षण को फिर से शुरू करने के लिए आगे नहीं जाने दिया है। 8 सितंबर को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ-साथ वैक्सीन विकसित कर रही फार्मा कंपनी ने घोषणा की कि ब्रिटेन में दो प्रतिभागियों में बीमारी की सूचना मिली है। कुछ समय रुकने के बाद, परीक्षण यूके, ब्राजील, भारत में फिर से शुरू हुए।

-कंपनी का लक्ष्य 2021 की शुरुआत में वैक्सीन उपलब्ध कराना है।

जॉनसन एंड जॉनसन ने बुधवार को कहा कि वह पहले चरण में सकारात्मक परिणामों के बाद अपने कोविद -19 वैक्सीन परीक्षण के आखिरी चरण में प्रवेश कर रही है।

-यदि वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी साबित होती है, तो जॉनसन एंड जॉनसन का कहना है कि यह 2021 की शुरुआत में अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन से आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के लिए पहली खुराक की उम्मीद करता है।

## कोरोना की वजह से छह महीने बंद रहने के बाद पाक में 6-8वीं कक्षा के स्कूल खुले

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शैक्षणिक संस्थानों को खोलने के सरकार के फैसले के दूसरे चरण के तहत बुधवार को छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए विद्यालय एक बार फिर से खोल दिए गए। कोविड-19 महामारी की वजह से विद्यालय करीब छह महीनों से बंद थे। पाकिस्तान में तीन लाख से ज्यादा लोग करोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। सख्त पाबंदियों और इस महामारी पर काबू के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन के स्पष्ट आदेश के साथ छठी से आठवीं कक्षा के लिये निजी और सरकारी स्कूलों को खोल दिया गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक छात्रों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन से जुड़े लोगों को सामाजिक दूरी के नियमों का पालन और फेस मास्क लगाना सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही नियमित रूप से हाथ साफ करने के लिये सैनिटाइजर का इस्तेमाल करना होगा। कोविड-19 संबंधी अहम मामलों पर फैसले लेने के लिये अधिकारप्राप्त निकाय नेशनल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने मंगलवार को इस महीने के अंत तक शैक्षणिक संस्थानों को पूरी तरह खोलने के फैसले को मंजूर किया था। सभी प्रांतों ने जहां फैसले पर अमल करना तय कियाव, वहीं सिंध ने इसे कुछ दिन और टालते हुए 28 सितंबर से छठी से आठवीं कक्षा के लिए विद्यालयों को फिर से खोलने का फैसला लिया।



# कोविड-19 की मार: दुनिया भर के श्रमिकों की इनकम 3500 अरब डॉलर घटी

**संयुक्त राष्ट्र।** कोविड-19 महामारी की मार से 2020 की पहली तीन तिमाहियों में वैश्विक स्तर पर श्रमिकों की आय में 10.7 प्रतिशत या 3,500 अरब डॉलर की जबर्दस्त गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने यह जानकारी दी। आईएलओ ने महामारी से दुनियाभर में कामकाज की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में कहा, कोविड-19 की वजह से श्रम के घंटों का भारी नुकसान हुआ। इससे दुनियाभर में श्रमिकों की आमदनी में गिरावट आई है। वैश्विक स्तर पर 2020 की पहली तीन तिमाहियों में 2019 की समान अवधि की तुलना में श्रमिकों की कमाई 10.7 प्रतिशत या 3,500 अरब डॉलर घटी है। इन आंकडों में सरकारी उपायों के जरिये उपलब्ध कराया गया आय समर्थन शामिल नहीं है। आईएलओ ने कहा कि सबसे अधिक नुकसान निम्न-मध्यम आय वर्ग के देशों में हुआ, जहां श्रमिकों की आय का नुकसान 15.1 प्रतिशत तक पहुंच गया। आईएलओ मॉनिटर- कोविड-19 और श्रम की दुनिया के छठे संस्करण में कहा है कि 2020 के पहले नौ माह में कार्य घंटों का नुकसान पूर्व में लगाए गए अनुमान से कहीं अधिक रहा है। संशोधित अनुमान के अनुसार, चालू साल की दूसरी तिमाही में में 2019 की चौथी तिमाही की तुलना में वैश्विक स्तर पर कार्य घंटों का नकसान 17.3 प्रतिशत रहा, जो 49.5 करोड़ पूर्णकालिक समतुल्य (एफटीई) रोजगार के बराबर है। 2020 की तीसरी तिमाही में कार्य घंटों का नुकसान उच्चस्तर 12.1 प्रतिशत या 34.5 करोड़ एफटीई रोजगार के बराबर रहने का अनुमान है। आईएलओ ने कहा कि 2020 की चौथी तिमाही में कार्य घंटों का नुकसान पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 8.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 24.5 करोड़ एफटीई रोजगार के बराबर है।

# दुर्गापूजा को लेकर राज्य प्रशासन के दिशा निर्देश

ब्यूरो चीफ अमन राय



पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा उत्सव के रूप में दुर्गापूजा को देखा जाता है. यहां पंडाल एवं मूर्तियों बनाने का काम महीनों पहले से चलता है लेकिन इस बार कोरोना की वजह से आयोजकों में कुछ खास उत्साह का माहौल नहीं देखा जा रहा है बाजारों में भी रौनक ना के बराबर है. कुछ व्यवसाई तो इस बार बाजार नहीं होने की बात कर रहे हैं तो वहीं कुछ अभी उम्मीद लगाए बैठे हैं. इस बीच राज्य कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जारी किए जरूरी दिशा निर्देश . लोगों को शारीरिक डिस्टेंसिंग के साथ-साथ मॉसक यूज़ करना अनिवार्य होगा. पूजा पंडालों में एक साथ ज्यादा लोग जमा ना हो इस बात को ख्याल रखना पड़ेगा आयोजकों एवं प्रशासन के लोगों को. इस बार कल्चरल कार्यक्रमों पर रोक. पूजा की अनुमति पत्र इस बार ऑनलाइन कर दिया गया है. इस बार पूजा कमेटियों को पचास हजार की सहायता राशि दी जाएगी. 81000 हॉकर्स जिन की सूची बनाई गई है उन्हें ?2000 की सहायता राशि दी जाएगी. इसके अलावा सिविक बोलेंटियर एवं आशा कर्मियों को एक एक हजार अतिरिक्त दिए जाएंगे. यही नहीं आयोजकों को इस बार इलेक्ट्रिक बिल में भी पचास प्रतिसत की छूट दी गई है. स्वाभाविक रूप से राज्य की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा से आयोजकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है. दुर्गापुर के सिटी सेंटर स्थित सृजनी सभागार में स्क्रीनिंग द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश लाइव देखने की व्यवस्था की गई थी.कार्यक्रम में उपस्थित थे डीसीपी ईस्ट अभिषेक गुप्ता महकमा शासक अनिर्बान कोले, मेयर दिलीप अगस्ती एसीपी, वीडियो, एवं विभिन्न थाना के थाना प्रभारी.इसके अलावा अनुमंडल के विभिन्न क्लबों के सदस्यगण.

## फ्रांसीसी रक्षा मंत्री ने सैनिकों के लिए वायरस सुरक्षा के संबंध में देश को गुमराह करने की बात कबूली

**पेरिस।** फ्रांस की रक्षा मंत्री ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने चीनी शहर वुहान से फ्रांसिसी नागरिकों को सुरक्षित निकालने वाले वायुसेना के कर्मियों के लिए वायरस सुरक्षा के बारे में देश को गुमराह किया था। रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने यह खुलासा सीनेट की जांच समिति के समक्ष किया जो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सरकार की विश्वसनीयता के लिए एक झटका है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरान कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच बुधवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा कर सकते है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जनवरी में जब चीन वुहान शहर को बंद कर रहा था तो फ्रांस सरकार ने वहां से अपने नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए उड़ानों की शुरूआत की। वुहान से इस तरह की पहली उड़ान 31 जनवरी को वापस आई थी।

# रिया चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले से जुड़े ड्रग केस में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती पिछले 15 दिनों से मुंबई की भायखला जेल में बंद हैं। मुंबई की विशेष अदालत ने उन्हें 6 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। हालांकि, रिया चक्रवर्ती ने अपनी जमानत के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शौविक चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी। बुधवार को ही यह सुनवाई होनी थी, मगर भारी बारिश के चलते कोर्ट ने छुट्टी का ऐलान कर दिया, जिसकी वजह से आज इस मामले की सुनवाई होगी।

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में गिरफ्तार रिया चक्रवर्ती ने बंबई उच्च न्यायालय (बॉम्बे हाईकोर्ट) में दायर जमानत याचिका में कहा है कि वह निर्दोष हैं और मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) जानबूझ कर उन पर और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि वह विच हंट (संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश अभियान) का शिकार हुई हैं। हाईकोर्ट में मंगलवार को दायर जमानत याचिका में चक्रवर्ती ने कहा है कि वह सिर्फ 28 साल की हैं और एनसीबी की जांच के अलावा, वह साथ ही साथ पुलिस और केंद्रीय एजेसियों की तीन जांच और समानांतर मीडिया ट्रायल का सामना कर रही हैं। दरअसल, वह मुंबई पुलिस, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), एनसीबी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांचों का हवाला दे रही थीं।

रिया चक्रवर्ती ने कहा कि यह सब उसके %मानसिक स्वास्थ्य और सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में कहा है कि हिरासत की अवधि बढ़ने से उनकी मानसिक स्थिति और भी बिगड़ जाएगी। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की एकल पीठ के समक्ष बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। मगर मुंबई में भारी बारिश की वजह से उच्च न्यायालय ने बुधवार की कार्यवाही स्थगित कर दी और अब इन पर गुरुवार को सुनवाई होने की संभावना है। रिया चक्रवर्ती



ने अपनी याचिका में दावा किया है कि सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स खास तौर पर गांजा का सेवन करते थे और वह तब से इसका सेवन कर रहे थे, जब वे दोनों संबंध में भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वह उनके लिए कम मात्रा में ड्रग्स की खरीद भी करती थीं और कई अवसरों पर उन्होंने इसके लिए भुगतान भी किया। लेकिन वह खुद किसी भी ड्रग्स गिरोह की सदस्य नहीं हैं। उन्होंने दावा कि सिर्फ सुशांत राजपूत ही ड्रग्स का सेवन करते थे। याचिका में कहा, आवेदक (चक्रवर्ती) निर्दोष हैं और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने याचिका में कहा कि वह विच-हंट का शिकार हुई हैं क्योंकि सीबीआई और ईडी उनके खिलाफ सबूत जुटाने में असफल रही और एनसीबी को उन्हें और उनके परिवार को फंसाने के लिए लाया गया। चक्रवर्ती पर एनसीबी ने कई आरोपों के लिए मामला दर्ज किया है, इसमें मादक पदार्थ की अवैध तस्करी का वित्तपोषण करना भी शामिल है। नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटांस (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 27-ए के तहत मामला दर्ज किया गया है और यह धारा आरोपी को जमानत देने पर रोक लगाती है। रिया ने कहा कि उन्हें एनडीपीएस अधिनियम की धारा 27-ए के तहत गलत तरीके से फंसाया गया है। और जब उनके पास से कोई मादक पदार्थ जब्त नहीं किया गया और एनसीबी सभी आरोपियों के पास से सिर्फ 59 ग्राम मादक पदार्थ जब्त करने में सफल रही तो जमानत पर रोक लगाने का नियम उन पर लागू नहीं होता है। एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की बिक्री, खरीद, निर्माण, और अवैध तस्करी के अपराधों में छह महीने से लेकर 20 साल तक की सजा और कुछ हजार से लेकर दो लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति कोतवाल के सामने इसी तरह का तर्क सैमुअल मिरांडा और दीपेश सावंत के वकीलों ने दिया था। ये सभी इस मामले में सह आरोपी हैं। गौरतलब है कि राजपूत (34) गत 14 जून को बांद्रा में स्थित अपने आवास पर मृत मिले थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र की तीन एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं।

# जोकोविच ने सैम्प्रास का रिकार्ड तोड़ा

**सबसे अधिक सप्ताह तक नंबर एक पर रहने के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंचे**

रोम ■ एजेंसी



विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने इटैलियन ओपन खिताब जीतने के साथ ही अमेरिका के पीट सम्प्रास को पीछे छोड़ दिया है। जोकोविच ने रोम में जीत के साथ ही विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर रहते हुए 287वें सप्ताह में प्रवेश किया और सम्प्रास के 286 सप्ताह तक नंबर एक पर रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया है।

अब वह इस क्रम में दूसरे नंबर पर आ गये हैं। वहीं स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर के नाम सबसे अधिक 310 सप्ताह नंबर एक पर रहने का रिकॉर्ड है। इस क्रम में अमेरिका के इवान लेंडल 270 सप्ताह के साथ चौथे स्थान पर और अमेरिका के जिमी कोनर्स 268 सप्ताह के साथ पांचवें नंबर पर हैं। 29 वर्षीय जोकोविच के रोम में जीत के बाद 11260 अंक हो गए हैं। जोकोविच और दूसरे स्थान पर रहे स्पेन के राफेल नडाल के बीच 1410 अंकों का अंतर हो गया है।

वहीं पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष नौ स्थानों पर कोई बदलाव नहीं है, जबकि कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने चार स्थान के लाभ के साथ ही शीर्ष 10 में प्रवेश किया है। वहीं

जोकोविच से खिताबी मुकाबले में हारे अर्जेंटीना के डिएगो श्वाट्र्जमैन दो स्थान के ऊपर आकर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। जोकोविच का यह 36वां मास्टर्स 1000 खिताब है और इसके साथ ही उन्होंने स्पेन के नडाल का 35 मास्टर्स 1000 जीत का रिकॉर्ड तोड़ दिया।



चीन में जिम्नास्टिक चैम्पियशिप के पहले अभ्यास करती हुई एक महिला खिलाड़ी।

## न्यूज. ब्रीफ

### टोक्यो ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं अतनु



**नई दिल्ली।** तीरंदाज अतनु दास ने कहा है कि वह अगले साल होने वाले टोक्यो ओलपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। अतनु के अनुसार ओलंपिक को देखते हुए उसने अपने खेल के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया है और उसकी तैयारी भी पहले से कहीं बेहतर है। वहीं इससे पहले के रियो ओलंपिक में अंतिम 16 में अतनु को दक्षिण कोरिया के ली सेयुंग यून ने हराया था। यह उनका पहला ओलंपिक था। इस तीरंदाज ने कहा कि साल 2016 में रियो में अपने पहले ओलंपिक खेलों को लेकर मैं बहुत उत्साहित था। तब मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया और कठिन हालातों में अपने को आगे बढ़ाया पर दुर्भाग्य से मैं क्वार्टर फाइनल चरण में हार गया। हो सकता है कि यह उस समय का मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। मैंने उस हार के बाद बहुत कुछ सीखा है। उसके बाद मैंने अपने मजबूत और कमजोर पक्ष पर ध्यान दिया है। मैं रियो में हार के बाद इतना निराश था कि मैंने दो महीने तक किसी से बात नहीं की थी। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अभ्यास के समय भी अपने विचारों को कैसे नियंत्रित रखते है। अतनु कोरोना महामारी के खतरे को देखते हुए अभी राष्ट्रीय शिविर में शामिल नहीं है और पुणे स्थित सेना खेल संस्थान में ही अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं 2021 ओलपिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए जमकर अभ्यास कर रहा हूं।

### शुभमन के प्रशंसक हैं स्टायरिस



**दुबई ।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर स्कॉट स्टायरिस ने उभरते हुए बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। स्टायरिस ने कहा कि मैं पिछले 18 महीनों से शुभमन का सबसे बड़ा प्रशंसक हूं। मैं कह सकता हूं कि मैं उस फैनबॉय की सूची में सबसे ऊपर हूं और मुझे वह एक शानदार क्रिकेटर लगता है। उसमें काफी प्रतिभा और वह आईपीएल में अपने खेल से सभी को प्रभावित करेगा। स्टायरिस ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि शुभमन ने पृथ्वी शॉं, देवदत्त पडिक्कल जैसे कुछ अन्य युवा खिलाड़ियों के साथ खेला है। इन युवा प्रतिभाओं को केवल निखारने की जरूरत है। शुभमन एक बड़ा खिलाड़ी है उसे पता है कि वह अपने खेल को कैसे आगे लेकर जा सकता है। स्टायरिस ने साथ ही कहा कि शुभमन के पास लीडरशिप के भी गुण है। केकेआर की टीम में कई आक्रमक बल्लेबाज हैं उन सभी बल्लेबाजों में अपनी एक अलग पहचान बनाना ही शुभमन की विशेषता है।

### पीएम से बात करने वाले खिलाड़ियों में जम्मू-कश्मीर की फुटबॉलर अफशां भी शामिल

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर की महिला फुटबॉलर अफशां आशिक भी गुरुवार को फिट इंडिया डायलोग सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करेंगी। इस कार्यक्रम में देश भर के शीर्ष स्तर के कुछ खिलाड़ी प्रधानमंत्री से बात करेंगे। इस सत्र के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली, दो बार के पैरालपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झझारिया के अलावा अभिनेता मिलिंद सोमन भी प्रधानमंत्री से बात करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा, ह्यह्र कोरोना महामारी को देखते हुए यह बातचीत ऑनलाइन होगी जिसमें हिस्सा लेने वाले लोग अपने खेल सफर के दौरान अपनी फिटनेस के राज बताएंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी भी स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा, ह्यह्यइस ऑनलाइन बातचीत के दौरान पोषण, स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े अन्य पहलुओं पर चर्चा होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी के बीच फिटनेस जीवन का अहम पहलू बन गई है।

**आईपीएल 2020: 6वां मुकाबला रायल चैलेंजर्स बेंगलूर और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच आज**

# किंग्स इलेवन पंजाब पिछली हार भुला कर पहली जीत के इरादे से उतरेगी

## आरसीबी जीत की लय बरकरार रखेना चाहेगी

दुबई ■ एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन में केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम किंग्स इलेवन पंजाब को अपने दूसरे मैच में विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से भिड़ना है। आरसीबी ने अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था, जबकि किंग्स इलेवन पंजाब को अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा था। किंग्स इलेवन पंजाब के लिए पहले मैच में मयंक अग्रवाल ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की थी, जबकि आरसीबी के लिए देवदत्त पडीक्कल ने अपने डेब्यू आईपीएल मैच में हाफसेंचुरी ठोकी थी। आरसीबी की ओर से युजवेंद्र चहल ने जिस तरह से गेंदबाजी की थी, किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाजों को उनसे थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी। ग्लेन मैक्सवेल इंग्लैंड में अच्छी फॉर्म में नजर आए थे, ऐसे में उनसे किंग्स कपंजाब को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में मैक्सवेल महज 1 रन बनाकर आउट हो गए थे। करुण नायर और निकोलस पूरन भी सस्ते में निपटे थे। आरसीबी टीम अपने पहले मैच में बिल्कुल बैलेंस्ड नजर आई, जबकि किंग्स कपंजाब का मिडिल बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह फेल हुआ था।



हालांकि आरसीबी ने इस सीजन का पहला मैच 21 सितंबर को सनराइजर्स हैदराबाद से जीत चुकी है। ऐसे में वह अपना दूसरा मैच पूरे मनोबल से खेलेगी। वहीं पंजाब की टीम पिछले मैंच में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में वो भी इस मैच को हर हाल में जीतना चाहेगी। बता दें आईपीएल 2020 के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स टीम में किंग्स इलेवन पंजाब को सुपर ओवर में हराया। हालांकि इस मैच में पंजाब की इस हार में अंपायर नितिन मेनन के एक गलत फैसले का भी योगदान रहा। अगर उन्होंने एक रन को शॉर्ट रन न बताया होता तो पंजाब ये मैच जीत जाता।

**किंग्स इलेवन पंजाब:** केएल राहुल (कप्तान), हरप्रीत बरार, इशान पोरेल, मनदीप सिंह, जिमी नीशाम, तजिंदर सिंह, क्रिस जॉर्डन, करुण नायर, दीपक हूडा, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मुजीब उर रहमान, सरफराज खान, शेल्डन कोटरेल, मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी, दर्शन नलकंडे, निकोलस पूरन, क्रिस गेल, मुरुगन अश्विन, जगदीश सूचित, कृष्णप्पा गौतम, हर्दुस विलजोएन, सिमरन सिंह।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), मोहम्मद सिराज, क्रिस मोरिस, जोश फिलिप, मोइन अली, एरन फिंच, एबी डिविलियर्स, शहबाज अहमद, पार्थिव पटेल, युजवेंद्र चहल, नवदीप सैनी, इसुरु उडाना, डेन स्टेन, पवन नेगी, देवदत्त पड्डीकल, शिवम दुबे, उमेश यादव, गुरुकीरत मान सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, पवन देशपांडे, एडम जाम्पा।

### आरसीबी का मजबूत पक्ष

विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, आरोन फिंच टीम की ताकत हैं। हालांकि, टीम विराट और एबी पर काफी निर्भर करती है। लेकिन ऑस्ट्रेलियन ओपनर आरोन फिंच बल्लेबाजी क्रम में लचीलापन लाएंगे। आरसीबी के पास देवदत्त पड्डीकल, आरोन फिंच, विराट कोहली, एबीडी चार टॉप आर्डर के बल्लेबाज रहेंगे। पंजाब के गुरुकीरत मान और ऑल राउंडर्स भी विकल्प के रूप में रहेंगे। आरसीबी ने क्रिस मौरिस पर 10 करोड़ रुपए खर्च किए है तो वह बाहर बैठेंगे ऐसा नहीं लगता। यूनाइटेड अरब अमीरात की पिचें स्पिनरों की मदद करेंगी। मोईन अली, पवन नेगी और वाशिंगटन सुंदर को शिवम दुबे और इसुरू उडाना से ज्यादा मौके मिलेंगे। बल्लेबाजी में एक अन्य बदलाव देखना दिलचस्प होगा कि विकेटकीपर के रूप में पार्थिव पटेल खेलते हैं या ऑस्ट्रेलिया के जेक्स फिलिप्प। अगर फिलिप्प और एबीडी में से किसी का चुनाव करना पड़ेगा तो पलड़ा एबीडी का ही भारी रहेगा। फिंच, मौरिस और डिविलियर्स टीम की पहली प्राथमिकता होगी।

### कमजोर पक्ष

आरसीबी की कमजोरी के रूप में उनकी गेंदबाजी में गहराई का ना होना है। उनकी गेंदबाजी में कंसीस्टेंसी का नितांत अभाव है। उनके पास मौरिस, उडाना, एडम जाम्पा और डेल स्टेन हैं, लेकिन किसी के असम्मान के बिना यह कहा जा सकता है कि ये चारों मिलकर भी टीम को खिताब नहीं जितवा सकते। आरसीबी के पास उमेश यादव, मोहम्मद सिराज और नवदीप सैनी के रूप में तीन मजबूत तेज गेंदबाज हैं। इसके साथ ही युजवेंद्र चहल, जाम्पा, अली, नेगी, सुंदर और पवन देशपांडे बढ़िया विकल्प हैं, लेकिन पेसरों की तरह ही इनमें से कोई भी मैच विनर नहीं है। चहल और जाम्पा बेस्ट स्पिनर हैं, लेकिन यह देखना होगा कि दोनों लेग स्पिनर एक साथ क्या करिश्मा करते हैं। और क्या ये दोनों एक साथ खेल पाएंगे।

### किंग्स इलेवन पंजाब का मजबूत पक्ष

किंग्स इलेवन पंजाब की ताकत के रूप में केएल राहुल, क्रिस गेल और मयंकअग्रवाल पहले से ही मौजूद हैं। पिछले साल कई करोड़ में जब ग्लेन मैक्सवेल को खरीदा गया तो यह प्रतियोगी क्रिकेट में मैक्सवेल की वापसी हुई थी। मैक्सवेल ने बिग बैश लीग की अपनी टीम मेलबर्न स्टार्स की तरफ से खेलते हुए 39 गेंदों में 83 रन की पारी खेली थी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। यूएई में शुरू हो रहे आईपीएल में मैक्सवेल किंग्स इलेवन पंजाब के टॉप ऑर्डर को मजबूती देंगे। वह पंजाब के मध्यक्रम को भी स्थिरता देंगे। मोहम्मद शमी अपनी पेस गेंदबाजी से टीम के लिए नया विकल्प होंगे। उनकी टीम में इशान पोरेल, शेल्डन कोट्रेल शामिल हुए हैं। टीम के कोच अनिल कुबले ने कहा, "हम शुरूआत में क्रिस मौरिस की तरफ देख रहे थे, लेकिन वह हमारे हाथ से निकल गए। हमें लगता है कि उस स्थान को क्रिस जोर्डन हमारे लिए भरेंगे। वह मिडिल ऑर्डर में गेंदबाजी कर सकते हैं और डेथ ओवरों में। जोर्डन के रूप में टीम के पास बेस्ट डेथ ओवर गेंदबाज है।

### कमजोर पक्ष

जहां तक कमजोरियों की बात है तो कागजों पर किंग्स इलेवन पंजाब में आपको कोई कमजोरी नहीं दिखेगी। टॉप ऑर्डर में अच्छे बल्लेबाज हैं, अच्छे स्पिनर हैं, पावर हिटर हैं, लेकिन गेंदबाजी विभाग में किंग्स इलेवन पंजाब की बेंच स्ट्रेंथ कमजोर है। किंग्स इलेवन पंजाब ने पिछले दो सीजन में जिस समस्या का सामना किया है, वह है मैच फिनिश न कर पाना। शायद यही टीम की कमजोरी है। यदि किंग्स इलेवन पंजाब करीबी मैचों में बेहतर परफॉर्म कर पाती है तो उसके प्रदर्शन में स्थिरता आएगी।

### रसल के शॉट से टूटा कैमरा

**दुबई।** केकेआर के ऑलराउंडर आंद्रे रसल ने आईपीएल के 13वें सत्र में अभ्यास के दौरान जोरदार बल्लेबाजी की है। रसल ने अभ्यास के दौरान कुछ शानदार शॉट खेले। इसी में से उनका एक शॉट रिकॉर्डिंग के लिए रखे कैमरे में जाकर लगा जिससे उसका शीशा टूट गया। इस अभ्यास सत्र की वीडियों केकेआर की टीम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा की है। इस वीडि?ों में साफ देखा जा सकता है कि रसल आईपीएल में बल्लेबाजी के लिए कितने उत्साहित हैं। इससे पहले सत्र के आईपीएल मुकाबलों में भी रसल ने गेंदबाजों की जमकर पिटाई की थी।

### संजू सैमसन आईपीएल में ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय बल्लेबाज

**शारजहां।** चेन्नई के खिलाफ हुए मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने चेन्नई के गेंदबाजों की खूब धुलाई की। इस मैच में सैमसन ने पीयूष चावला के एक ही ओवर में 28 रन ठोक डाले। सैमसन ने अपनी पारी में 9 छक्कों और एक चौके की मदद से 32 गेंदो पर 74 रन की आतिशी पारी खेल डाली। इसके साथ ही सैमसन आईपीएल में इकलौते भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने दो बार एक 9 या उससे अधिक छक्के लगाएं हों। चेन्नई के खिलाफ 9 छक्को से सजी सैमसन की पारी ने अपने नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है जो आईपीएल में अभी तक कोई भी दूसरा भारतीय बल्लेबाज नहीं कर पाया है। सैमसन आईपीएल में इकलौते ऐसे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं जिनके नाम दो बार 9 या उससे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। यह रिकॉर्ड अब तक किसी भी भारतीय बल्लेबाज के नाम नहीं था। सैमसन ने इससे पहले साल 2018 में आरसीबी के खिलाफ मैच खेलते हुए 10 छक्के लगाए थे।



## मेदवेदेव हैम्बर्ग ओपन के पहले दौर में हारे

हैम्बर्ग ■ एजेंसी

अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल तक पहुंचे दानिल मेदवेदेव हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस के पहले दौर में फ्रांस के गैर वरीय यूजो हम्बर्त से 4.6, 3.6 से हार गए। हम्बर्त का सामना अब क्वालीफायर जिरि वेसले से होगा। मेदवेदेव अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में डोमिनिक थीम से हारे थे जिन्होंने बाद में खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त गाएल मोंफिल्स भी पहले दौर में 103वीं रैंकिंग वाले यानिक हांफमैन से 4.6, 3.6 से हार गए। अब हांफमैन का सामना क्रिस्टियन कारिन से होगा जिन्होंने केइ निशिकोरि को 6.0, 6.3 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त राबर्टो बातिस्ता एगुट ने दो बार के चैम्पियन निकोलोज बी को 6.4, 6.3 से हराया। अब वह जर्मनी के डोमिनिक कोफेर से खेलेंगे जिन्होंने योशिहितो निशिओका को 7.6, 4.6, 6.1 से मात दी ।

# धोनी पर बरसे गंभीर, कहा – सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना टीम की अगुवाई नहीं

शारजहा ■ एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरने वाले महेंद्र सिंह धोनी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि धोनी ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरकर मोर्चे से अगुवाई नहीं की। गंभीर ने कहा कि किसी और कप्तान ने ऐसा किया होता तो उसकी काफी आलोचना होती लेकिन चूंकि वह धोनी हैं तो लोग इस बारे में बात भी नहीं कर रहे । धोनी ने अपने से पहले सैम कुरेन, रितुराज गायकवाड़ और केदार जाधव को भेजा। गंभीर ने एक बयान में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं हैरान था। एमएस धोनी सातवें नंबर पर। आपको तो मोर्चे से अगुवाई करनी चाहिए। 217 रन के



लक्ष्य का पीछा करते हुए सातवें नंबर पर बल्लेबाजी इसे मोर्चे से अगुवाई करना नहीं कहते। फाफ अकेले ही मैच जीतने के लिए लगा रहा। उन्होंने कहा कि किसी और ने यह किया होता तो काफी आलोचना होगी । लेकिन चूंकि वह धोनी हैं तो लोग इस बारे में बात भी नहीं कर रहे। गंभीर ने आगे कहा कि जल्दी आउट होने में कोई बुराई नहीं है लेकिन कम से कम टीम को प्रेरित तो करना चाहिए। आखिरी ओवर में आपने क्या किया तीन गेंद में तीन छक्के लगा दिए। यही पहले किया होता तो नतीजा कुछ और होता। उन्होंने कहा शायद जीत की ललक ही नहीं थी। पहले छह ओवर के बाद लग रहा था कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी है। एम एस अंत तक टिककर टीम को मैच में लौटाने की कोशिश कर रहा था ताकि आने वाले मैचों में ऐसी पारियां खेल सके।

### धोनी ने किया खुलासा- क्यों नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरते

राजस्थान रॉयल के खिलाफ बल्लेबाजी में नीचे आने पर धोनी ने बड़ा बयान दिया है। धोनी ने निचले क्रम पर बल्लेबाजी का कारण बताते हुए कहा कि मैंने लंबे समय तक बल्लेबाजी नही की है। 14-दिवसीय संगरोध मदद नही करता है। मैं साथ ही विभिन्न चीजों को आजमाना चाहता था। इसलिए सैम को अवसर दे रहा था। यहां विभिन्न चीजों को आजमाने का अवसर मिला। यदि यह काम नहीं करता तो आप हमेशा अपनी ताकत पर भरोसा करते हो। वहीं, फाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुरली विजय के आउट होने के बाद जब सभी को लग रहा था कि धोनी को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आना चाहिए तब धोनी ने युवा खिलाडी सैम करन को बल्लेबाजी के लिए अपने से ऊपर भेज दिया। सैम करन ने बल्लेबाजी के दौरान दो छक्के और एक चौके की मदद से 6 गेंदो पर 17 रन बनाए।



# सोने-चांदी की कीमतों में आई भारी गिरावट

नईदिल्ली ■ एजेंसी

बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर अक्तूबर का सोना वायदा 0.4 फीसदी गिरकर 50,180 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि चांदी वायदा 1.6 फीसदी गिरकर 60,250 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। इस सप्ताह दुनिया भर में कीमती धातु की कीमतों में भारी गिरावट आई है। पिछले सत्र में सोने की कीमतों में 100 रुपए की गिरावट आई थी और सोमवार को यह 1,200 रुपए सस्ता हुआ था। मंगलवार को चांदी में भी गिरावट दर्ज की गई, सोमवार को चांदी की कीमत 6,000 रुपए कम हुई थी। पिछले महीने के 56,200 रुपए के उच्च स्तर की तुलना में, भारत में सोना अब 6,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के नीचे है। वैश्विक बाजारों में आज मजबूत अमेरिकी डॉलर के चलते सोने की कीमतों में थोड़ा बदलाव हुआ। दूसरी ओर, अमेरिका-चीन के तनाव और आर्थिक सुधारों की चिंताओं से सोने को निचले स्तर पर समर्थन मिला है। सोना हाजिर थोड़े बदलाव के साथ 1,902.04 डॉलर प्रति औंस पर रहा। अन्य कीमती धातुओं में चांदी 0.6 फीसदी गिरकर 24.26 डॉलर प्रति औंस हो गई, प्लैटिनम 0.3 फीसदी बढ़कर 869.64 डॉलर और पैलेडियम 0.8 फीसदी फिसलकर 2,203.15 डॉलर प्रति डॉलर पर आ गया। डॉलर सूचकांक अन्य मुद्राओं के मुकाबले आठ सप्ताह के शिखर पर पहुंच गया। एक मजबूत डॉलर सोने को अन्य मुद्राओं के धारकों के लिए अधिक महंगा बनाता है। आर्थिक और राजनीतिक अनिश्चितता के समय में सोने को एक सुरक्षित-संपत्ति माना जाता है। लेकिन कम जोखिम के बावजूद, इस सप्ताह सोने की कीमतें कम हुई हैं। दुनिया के सबसे बड़े सोना-समर्थित एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड, एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट में ईटीएफ होल्डिंग मंगलवार को 0.05 फीसदी गिरकर 1,278.23 टन रही।



**महंगाई** | इस साल दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में टमाटर की फसल कम रहने की आशंका

# सब्जियों की कीमतों में इजाफा, टमाटर 100 के पार

नईदिल्ली ■ एजेंसी

सब्जियों की कीमतों में इस वक्त आग लगी हुई है। लोगों की थाली से आलू-टमाटर और प्याज सहित अन्य हरी सब्जियां गायब हो रही हैं। देश के कई शहरों में सदाबहार आलू अब 50 रुपए प्रति किलो के पार जाने को बेकरार है, वहीं प्याज भी अब कई जगहों पर पचासा पूरी कर चुका है यानी 50 रुपए किलो पहुंचकर प्याज अब आंसू निकालने लगा है। वहीं टमाटर के तेवर और तीखे हुए हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को देश में टमाटर की औसत खुदरा कीमत 50 रुपए थी, जबकि अधिकतम 120 और न्यूनतम 20 रुपए प्रति किलो। जहां तक आलू की बात करें तो देश में यह 25 से 60 रुपए किलो बिक रहा है, जबकि इसका औसत



मूल्य 40 रुपए है। कई सरकारों की बलि लेने वाला प्याज अब ज्यादा उछलने लगा है। मंत्रालय के मुताबिक प्याज 18 से 60 रुपए किलो बिक रहा है। सरकार प्याज के रेट न बढ़ने पाए इसके लिए फौरी उपाय करते हुए सरकार ने प्याज की सभी किस्मों के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। केंद्र सरकार के प्याज निर्यात पर पूरी तरह रोक लगाने को लेकर महाराष्ट्र में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। बावजूद इसके दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। जहां तक टमाटर की कीमतों में उछाल की बात है तो देश के दक्षिणी और पश्चिमी इलाकों में भारी बारिश से टमाटर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। बता दें देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण धान, दलहन, तिलहन, मसाले, फलों और सब्जियों सहित विभिन्न खड़ी फसलों को प्रभावित किया है। शुक्रवार को यह जानकारी संसद को दी गई। रबी और खरीफ दोनों में प्याज को बोया जाता है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक में ये फसल मई और नवंबर तक तैयार हो जाती हैं। इसके अलावा मध्य प्रदेश, आंध्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बंगाल में ये फसल इसके आगे-पीछे तैयार होती है। इस साल दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में टमाटर की फसल कम रहने की आशंका है।





# मुख्यमंत्री ने राजपुर में 244.92 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## अशोकनगर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने तथा कृषि महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की

ग्वालियर। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर में आयोजित कार्यक्रम में 244.92 करोड के कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 188 करोड़ 37 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन तथा 56 करोड़ 55 लाख रूपये के कार्यो का लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया। उन्होंने दिव्यांगों को मौके पर 40 ट्राईसाईकिलए 05 कान की मशीनए04 व्हीलचेयर तथा 05 कृतिम पैर वितरित किए।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई के लिए यदि कर्जा भी लेना पड़ा तो कर्ज लेकर उनके कार्य पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 3 वर्ष में कोई भी घर कच्चा नहीं रहेगा। सभी कच्चे घर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के बनवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों से संबंधित संबल योजना बंद नहीं होगी इसे पुनरू चालू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन की सेवा ही हमारा लक्ष्य है। गरीब मजदूर किसानों की चिंता सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फसल बीमा की 3100 करोड़ रूपये की राशि किसानों के खातों मे जमा कराई गई है। उन्होंने आश्स्वत किया कि फसलों को वर्षा से हुए नुकसान का सर्वे कराकर राहत राशि किसानों को दी जायेगी। उन्होंने कहा कि गरीबों का संबल योजना के पात्र हितग्राहियों को पूरा पूरा लाभ दिया जायेगा। कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नही रहेगा। प्रतिभावान छात्र छात्राओं को लेपटॉप का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 37 लाख नये गरीबों के नाम जोडे जाकर पात्रता पर्ची प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि अब किसी भी गरीब की थाली नही रहेगी खाली। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई के लिए कर्जा लूगा और जनता की सेवा करूंगा।

**घोषणाएं-** अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुर में गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अशोकनगर शहर को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। साथ ही आगामी वर्ष में जिला मुख्यालय अशोकनगर में कृषि महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु विधायक द्वारा जो मांग पत्र सौपा गया है। उन्हे एक एक करके पूरा किया जाएगा। राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में अब शिव-ज्योति एक्सप्रेस विकास के पथ पर चलेगी। प्रदेश एवं क्षेत्र के विकास के लिए शिव-ज्योति एक्सप्रेस रफ्तार के साथ दौड़ेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्र की जनता के कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहकर कार्य किया है तथा आगे भी करता रहूँगा। क्षेत्र की जनता के मान. सम्मान के लिए आगे आकर कार्य करूगा। उन्होंने कहा कि विकास और प्रगति हमारी जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि आज का दिन अशोकनगर विधानसभा वासियों के लिए खुशी का एवं ऐतिहासिक दिन है। अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रूपये की सौगातें आपको प्रदान की है। उन्होंने क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि करोडों के लोकार्पण एवं शिलान्यास होने से क्षेत्र के विकास के लिए नये आयाम स्थापित होगें। उन्होंने मुख्यमंत्री से क्षेत्र के लिए और भी मांग करते हुए मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में गुना




विधायक श्री गोपीलाल जाटव, कोलारस विधायक श्री वीरेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उमेश रघुवंशी, कलेक्टर श्री अभय वर्मा, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना में पथ विक्रेताओं को मिलेगी 10 हजार की राशि

**- मुख्यमंत्री श्री चौहान**

**2465 हितग्राहियों को एक करोड़ 6 लाख से अधिक की राशि के हितलाभ का किया वितरण**

**पिपरई शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं शुरू होगी**

**उप स्वास्थ्य केन्द्र पिपरई स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित होगा**

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्र सरकार की शहरी स्ट्रीट वेंडर योजना के समान ही प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे मोटे धंधे करने वाले दुकानदारों के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 10 हजार रूपये की राशि बिना ब्याज के हितग्राहियों के खातों में जमा कराई जायेगी। भोपाल में आज आयोजित कार्यक्रम में योजना के तहत 20 हजार हितग्राहियों के खातों में 10.10 हजार रूपये की राशि जमा कराई गई है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान अशोकनगर जिले की मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपरई में हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत हितलाभ वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उमेश रघुवंशी, विदिशा जिले की विधायक श्रीमति लीना जैन, कलेक्टर श्री अभय वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, जनपद अध्यक्ष श्री जगन्नाथ सिंह यादव तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम में 2465 हितग्राहियों को 01 करोड़ 06 लाख 21 हजार की राशि के हितलाभ का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे मोटे व्यवसाय करने वाले दुकानदारों का व्यवसाय बंद हो गया था। उनके व्यवसाय को पुनरू खडा करने हेतु प्रदेश में मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के पथ विक्रेताओं को अपना व्यवसाय पुनरू शुरू करने के लिए बिना ब्याज के 10 हजार रूपये की राशि ऋण के रूप में प्रदाय की जायेगी। जिसका शुभारंभ आज भोपाल में 20 हजार हितग्राहियों के खातों में राशि जमा कर किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अतिवर्षा के कारण क्षेत्र में नष्ट हुई फसलों एवं नुकसान के आंकलन हेतु विशेष अभियान चलाकर सर्वे कर राहत राशि वितरण की जायेगी। मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ परियोजना का सर्वे कराये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ष्शिव.ज्योतिष् एक्सप्रेस के रूप में जनता के कल्याण एवं विकास के कार्य में कोई कमी नही आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की भलाई के लिए सरकार कर्ज लेगी। लेकिन जनता को किसी भी प्रकार की परेशनी नही होगी। उन्होंने कहा कि 37 लाख गरीब परिवारों को एक रूपये किलो गेहॅ, चावल एवं नमक प्रदाय किया जा रहा है। प्रदेश में अब कोई भी गरीब परिवार भूखा नही रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि जिले का कोई भी गरीब परिवार एक रूपये प्रति किलो खाद्यान्न से वंचित न रहे।

**पीएम किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को मिलेगी दस हजार की राशि-** राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य सरकार किसानों के खातों में 04 हजार रूपये की राशि प्रदाय करेगी। जबकि केन्द्र सरकार छरू हजार रूपये की राशि प्रदाय कर रही है। इस प्रकार किसान के खाते में कुल दस हजार रूपये की राशि जमा कराई जायेगी। उन्होंने अशोकनगर क्षेत्र में किये गये विकास कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि अशोकनगर से पिपरईएमुंगावली तक 22 करोड़ लागत की 25 किलोमीटर सड़क एवं अशोकनगर से मतावली तक 100 करोड़ की लागत की 55 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति भी प्रदाय कराई गई। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतिकरण योजना के तहत क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र भी शुरू कराये गये। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना के तहत केन्द्र सरकार ने 08 करोड़ परिवारों को निरूशुल्क गैस कनेक्शन दिये। पूर्व की सरकार ने जो योजनाएं बंद कर दी थी उन योजनाओं को शिवराज सरकार ने पुनरू शुरू कर दिया है। उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में श्री मोतीलाल वोरा की सरकार के दौरान ष्मोती.माधवष् एक्सप्रेस के रूप में विकास के कार्य किये। इसी प्रकार ष्शिव.ज्योतिष् एक्सप्रेस के माध्यम से प्रदेश में विकास के क्षेत्र में कोई कमी नही आने दी जायेगी। मुंगावली को विकास का केन्द्र बनाया जायेगा। लोक स्वास्थ यांत्रिकी राज्यमंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पूर्व में जो घोषणाएं की गई थी वे आज मूर्तरूप ले रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 447 करोड़ की राजघाट नहर परियोजनाएपिपरई को तहसील बनाया गयाएपिपरई में 04 करोड़ की नल जल योजना स्वीकृत कर ग्रामीणों को मीठे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के तहत 225 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्य किये गये।

**हाईकोर्ट ग्वालियर में ऑनलाइन लोक अदालत का आयोजन 26 सितम्बर को**

ग्वालियर. वर्तमान में कोविड-19 महामारी का प्रकोप होने के कारण नेशनल लोक अदालत का आयोजन नहीं हो पा रहा है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक महोदय, म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वीडियों कॉफ्रेंसिग के माध्यम से ऑनलाइन लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस अनुक्रम में 26 सितम्बर 2020 को माननीय उच्च न्यायालय, खण्डपीठ ग्वालियर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

# छोटे-छोटे व्यवसाइयों को 10 - 10 हजार रूपए का ऋण बिना ब्याज के

**ग्वालियर।** ग्रामीण क्षेत्र में छोटा-छोटा व्यवसाय करने वाले व्यवसाइयों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत 10 - 10 हजार रूपए का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण का ब्याज मध्यप्रदेश सरकार देगी। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना छोटे व्यवसाइयों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने मुरार जनपद के ग्राम पंचातय किटौली में आयोजित ग्रामीण स्ट्रीट वेंडरों के ऋण वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से ग्रामीण स्ट्रीट वेंडरों के ऋण वितरण कार्यक्रम का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया और हितग्राहियों से सीधे संवाद भी किया। ग्वालियर जिले में भी जनपद पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन कर हितग्राहियों को ऋण वितरित किए गए। मुरार जनपद का कार्यक्रम ग्राम पंचायत किटौली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्री हाकिम सिंह राठौर, सरपंच श्री आशाराम बघेल, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विजय दुबे, पार्षद श्री नरेन्द्र किरार, पूर्व एमआईसी सदस्य श्री केशव सिंह, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा, सेंट्रल बैंक के मैनेजर श्री राजीव अग्रवाल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। उद्यानिकी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुरार जनपद क्षेत्र में 109 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत 10 - 10 हजार रूपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें जनपद पंचायत किटौली के 39 हितग्राही शामिल हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में 195 हितग्रहियों को नवीन खाद्यान्न पर्ची का वितरण भी किया गया । मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी ग्राम पंचायत में 194 आवासों की मंजूरी प्रदान की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी आवासहीन को छोड़ा नहीं जायेगा। सभी को आवास की सुविधा मुहैया कराई जायेगी। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि जरूरतमंदों को खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची प्रदान की गई है। इन सभी को एक रूपए किलो के मान से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जायेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भी सभी पात्र व्यक्ति को निऱ्शुल्क पाँच किलो गेहूँ और एक किलो दाल के मान से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि तीन स्व-सहायता समूहों को भी 3 - 3 लाख रूपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में स्व-सहायता निधि के तहत हितग्राहियों को सहायता राशि के चैक वितरित करने के साथ ही खाद्यान्न की पात्रता पर्ची का वितरण भी किया गया।

# विद्युतीकरण होने से क्षेत्रवासियों में खुशियों का उजाला होगा : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 8 में पीताम्बरा कॉलोनी एवं चैडे के हनुमान नगर में 12 लाख 79 हजार कें विधुतीकरण के कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि सरकार की मंशानुसार सभी अवैध कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है। कॉलोनियो में विद्युतीकरण होने से बिजली कटोती की समस्या से निजाद मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन शर्मा, श्री धर्मवीर राठौर, श्री रमेश कुशवाह, श्री केदार सिंह सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि पीताम्बरा कॉलोनी में 7 लाख 50 हजार की लागत से 10 खम्बे व ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा, साथ ही चैडे के हनुमान नगर में 5 लाख 29 हजार की लागत से 7 खम्बे व एक ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। जिससे क्षेत्र की जनता की विद्युत की समस्या से निजात मिलेगी साथ ही क्षेत्रवासियों में खुशियों का उजाला होगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि चाहे पीताम्बरा कॉलोनी, झलकारी बाई कॉलेज, किरार कॉलोनी, सती विहार, राधा विहार, दीनदयाल नगर के पीछे की बस्तियों की बात करें, जहां पर बिजली की समस्या बनी हुई थी। उन समस्याओं को देखते हुए अवैध कॉलोनी में विद्युतीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि क्षेत्र में उपभोक्ताओं को विद्युत से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नही आनी चाहिए। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र का विकास अब रूकने वाला नही है। सेवक ने मंच बदला है तो उसका असर आपको दिखेगा और कहा कि चार शहर का नाके से सागर ताल रोड, गांधी रोड जैसी चमकते हुए दिखेगी, जिस पर डिवाईडर का कार्य चल रहा है, उसके बाद विद्युतीकरण किया जायेगा। ट्रीपल आईटीएम में खेल स्टेडियम व अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेगें। पानी की समस्या कई बस्तियों में बनी हुई थी, उसके लिए अमृत योजना के तहत पानी की लाईन डाली जा रही हैं साथ ही नलकूप भी किये जा रहे है, जिससे आपकी पानी की समस्या का निदान हो जायेगा।


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

निःशुल्क: बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.

( Min. size 5×9 )

कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज

12×5 - 2000 रु

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560

Email - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478